ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 35, अंक 130, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12
तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

## दो चरणों में होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना, 16 जून को अधिसूचना

- लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से
- देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इस प्रक्रिया की शुरुआत एक मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 के पहले अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। इस आशय की अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 के बीच चला था और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था।

पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा।

## केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

### लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।



राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।

### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# मातम में बदला जश्न, 11 की मौत

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के प्रयास में भगदड़, 33 लोग घायल | स्टेडियम के बाहर आरसीबी टीम के स्वागत को उमड़ी थी लाखों की भीड़ | मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख देने की घोषणा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थी और सुरक्षा को ध्यान में रखना था।



आईपीएल 2025 जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सम्मान समारोह के दौरान उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। ● एजेंसी

### फिर भी स्टेडियम के भीतर जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू कर दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर हालांकि खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए, उन लोगों के लिए जिन्होंने कठिन समय में भी आरसीबी का साथ दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।



भगदड़ में घायल प्रशंसक को अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के मुद्दे पर दलों में चर्चा शुरू

- संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि अधिकांश दल इस मुद्दे पर आंतरिक चर्चा के बाद अपना रुख बताएंगे।



### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

## सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

- बचाव को लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान

**गंगटोक, एजेंसी**

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू, उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## अपने जन्मदिन पर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे योगी

- राजा राम समेत देवों की प्राण प्रतिष्ठा के बनेंगे साक्षी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। सरयू तट पर रामकथा पार्क के समीप पुष्प वाटिका में एक पेड़ मां के नाम लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करेंगे।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

- सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत

**विधि संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संस्था पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।



यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

## ट्रक के वैन पर पलटने से नौ की मौत, दो घायल

- मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के हुआ हादसा

**झाबुआ, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के वैन पर पलट जाने से पांच नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के वारिसों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना आधी रात के बाद करीब ढाई बजे हुई जब कुछ लोग वैन से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों में पांच नाबालिग हैं। मरने वालों में दो परिवारों के लोग हैं। झाबुआ के एसपी पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि ट्रक मेघनगर के संजेली रेलवे फाटक के पास एक अस्थायी सड़क से निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज को पार कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। वह जासूसी के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

### ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।



### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।

## एक नजर

### किशोर की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर) :** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मुड़ेल गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर की सोमवार को ननिहाल पहुंचने पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में किशोर को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां देर रात मंडलीय चिकित्सालय में किशोर की मौत हो गई। मुड़ेल गांव निवासी स्वर्गीय मैकू का 16 वर्षीय पुत्र अमरेश कुमार सोमवार दोपहर बाइक से अपने ननिहाल प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव के लिए निकला था। जैसे ही दोपहर में अपने ननिहाल पहुंचा तो कुछ देर बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई और नाक से खून निकलने लगा। परिजनों ने लू लगने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दस हजार रुपये घूस लेते चकबंदीकर्ता गिरफ्तार

**प्रयागराज, अमृत विचार।** विजिलेंस टीम प्रयागराज के फूलपुर के चकबंदीकर्ता को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया है। आरोपी ने महालेखाकार कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लेखा परीक्षक से जमीन की पैमाइश के लिए 25 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस टीम ने आरोपी चकबंदीकर्ता हरेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बाद पुलिस को सौंप दिया। चकबंदीकर्ता के गिरफ्तारी की जानकारी विभाग को दें दी गयी है।

### प्रयागराज के दो डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश

**प्रयागराज, अमृत विचार।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार मांदड ने जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन) का आज औचक निरीक्षण करने अस्पताल परिसर पहुंचे और वहां पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक से डॉक्टरों की अनुपस्थिति के बारे में जानकारी। इस पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नूर हसन नकवी ने बताया कि कोई भी चिकित्सक अनुपस्थित नहीं है। डॉ. अजय जो 10 माह से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित है एवं डॉ. रामानंद कार्यभार ग्रहण के पश्चात अस्पताल में नहीं आए है, जिसपर जिलाधिकारी ने उक्त दोनों चिकित्सकों की बर्खास्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# भारी खर्च फिर क्यों नहीं सुधरी बिजली कंपनियों की दक्षता

## विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से पूछा है कि भारी-भरकम रकम खर्च होने के बाद भी बिजली कंपनियों की दक्षता में सुधार क्यों नहीं हुआ। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर यह सवाल उठाए हैं। आयोग ने राजस्व वसूली का भी पूरा विवरण मांगा है। यह भी कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद 'कलेक्शन एफिशिएंसी' कितनी हो जाएगी। नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के लिए 'लॉस रिडक्शन' में लगभग 16,112 करोड़ अनुमोदित किया था। इसमें वर्ष 2024-25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12,693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए आयोग ने 27,342 करोड़ अनुमोदित किया, इसके बाद भी बिजली कंपनियों की लाइन हानियां बढ़ गईं। आयोग ने इस पर सवाल उठाया है।

मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दर के प्रस्ताव में पहले 10 हजार करोड़ का घाटा दिखाया था, पर एक सप्ताह बाद बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव देते हुए घाटा 19,600 करोड़ दिखा दिया। आयोग ने बिजली दर संबंधी प्रस्ताव 'वार्षिक राजस्व आवश्यकता' को तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

### मनगढ़ंत आंकड़ों पर सुनवाई कराना गलत

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई को लेकर बुधवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के मनगढंत आंकड़ों पर आम जनता की सुनवाई कराना गलत है।

| वितरण कंपनी | अनुमोदित हानियां (भारत सरकार) | प्रस्तावित हानियां पावर कॉरपोरेशन |
|---|---|---|
| दक्षिणांचल | 18.97 | 28.48 |
| मध्यांचल | 17.97 | 21.93 |
| पश्चिमांचल | 12.69 | 13.35 |
| पूर्वांचल | 18.49 | 36.08 |
| केस्को | 8.07 | 10.37 |
| कुल | 16.43 | 23.44 |

(नोट-लाइन हानियां प्रतिशत में)



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को देते किसान संगठन के प्रतिनिधि।

# शासकीय कार्यों में लापरवाही पर लेखपाल सस्पेंड

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शासकीय कार्यों में लापरवाही, शासन के प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा बैठक से गायब रहने और मोबाइल स्विच ऑफ रखने वाले लेखपाल सुजीत कुमार यादव को एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा ने निलंबित किया है। उन्हें रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। लेखपाल की जांच के लिए उन्होंने तहसीलदार को जांच अधिकारी नामित किया है। बता दें कि तहसील के पूरे भागवत, राजापुर, खानीपुर क्षेत्र के लेखपाल सुजीत कुमार यादव से सम्बंधित आईजीआरएस पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित चल रहे हैं। इनका निस्तारण करने के लिए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की ओर से कई बार नोटिस जारी कर सचेत किया गया लेकिन लेखपाल पर कोई असर नहीं हुआ।

# पीडीए ने सील किए 15 अवैध निर्माण

**प्रयागराज, अमृत विचार।** अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) का एक्शन लगातार जारी है। पीडीए ने जोन संख्या तीन बघाड़ा और चांदपुर सलोरी में 15 अवैध निर्माणों के खिलाफ आज कार्रवाई की गयी है। कुल 15 अवैध निर्माणों को पीडीए प्रवर्तन टीम ने मौके पर जाकर सील किया है। सील करने के बाद पीडीए की ओर से नोटिस लगा दी गई है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:-

**क्रम सं. -1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 08-2025-कालोनी,** कार्य का नाम: मुख्यालय स्थित विभिन्न हॉलों और कार्यालयों में वातानुकूलन की व्यवस्था हेतु विद्युत आपूर्ति की क्षमता में वृद्धि से संबंधित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 3,84,91,888/-, बयाने की राशि: ₹ 3,42,500/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 06 माह।
• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 24-06-2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें।
• यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी
मुजाधि/विद्युत-54 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्र न करें।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24.06.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 06202025 dated 02.06.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या: (1)** 14/DEN-V-LKO/2025-2026, **(2)** 15/DEN-V-LKO/2025-2026 |
| 3 | **कार्य का नाम: (1)** सहायक मंडल अभियंता (द्वितीय)/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/बीबीके के अंतर्गत 10 लेवल क्रॉसिंग एलसी संख्या 158, 159, 160, 161, 162, 163, 164, 165, 166 और 167 (डीवाईडी-आरईएस) पर प्री-फैब्रिकेटेड फाउंडेशन और लॉकिंग सिस्टम सहित भारी ट्रैफिक लेवल क्रॉसिंग के लिए रबरयुक्त पैनलों का प्रावधान, एसएसई/पी.वे/बीबीके के अंतर्गत 10 लेवल क्रॉसिंग संख्या 168, 169, 170, 172, 175, 177, 178, 179, 181 और 187 (एसजीजे-एलबीएच), 08 लेवल क्रॉसिंग संख्या 26, 27, 29, 30, 31, 32, 37 (एजे-सीपीबी) और 126 (बीक्यूपी-ओएन) एलकेओ-सीएनबी सेक्शन और डीएमडब्ल्यू-ओएन एसएसई/पी.वे/ओएन के अंतर्ग, 08 नंबर लेवल क्रॉसिंग संख्या 5, 6, 8, 9, 11, 12, 17 और 19 (एमकेजी-एजे) एसएसई/पी.वे/लाइन लखनऊ के अंतर्गत। **(2)** सहायक मंडल अभियंता अयोध्या कैंट के अधिकार क्षेत्र में 10 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 122, 123, 125, 126, 129, 130, 133, 135, 136 और 137 (एवाईसी-बीएनएम) पर प्री-फैब्रिकेटेड फाउंडेशन और लॉकिंग सिस्टम सहित भारी ट्रैफिक लेवल क्रॉसिंग के लिए रबराइज्ड पैनलों का प्रावधान, एसएसई/पी.वे/आरडीएल के तहत 9 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 138, 139, 140, 141, 142, 144, 146, 147 और 149 (बीएनएम-पीटीएच), 09 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 86, 88, 91, 91A, 93, 95, 97, 98 और 99 (एबीपी-बीएलजी), 09 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 102, 103, 104 एसएसई/पी.वे/एवाईसी के अंतर्गत 107, 108, 109, 111, 113 और 115 (बीएलजी-एवाईसी), एसएसई/पी.वे/आरडीएल के अंतर्गत 8 लेवल क्रॉसिंग संख्या 150, 151, 152, 153, 154, 155, 156 और 157 (पीटीएच-एसवाईके)। |
| 4 | **अनुमानित लागत: (1)** Rs. 8,54,81,679.84, **(2)** Rs. 11,22,93,774.45 |
| 5 | **धरोहर राशि: (1)** Rs. 5,77,400.00, **(2)** Rs. 7,11,500.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि: 1 एवं 2 के लिये:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ:** 10.06.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.06.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | **वेबसाईट: www.ireps.gov.in** |

**नोट:** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1637/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**विश्व पर्यावरण दिवस**
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्यामजी गुप्ता
संस्थापक
सकल्प-1000, हरदोई
पूर्णिमा सिंह
इंचार्ज प्रधानाध्यापिका
उ.प्रा.विद्यालय मुजाहिदपुर, बावन हरदोई

**विश्व पर्यावरण दिवस**
की हार्दिक शुभकामनाएं
मुनीर
ग्राम प्रधान
मानवेंद्र शुक्ला
सचिव
गगन सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत तत्यौरा वि.ख.बावन, हरदोई

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 02/डब्ल्यू./बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2025-26 | डीडीयू-बीएसबी खंड पर वीवाईएन-केईआई के बीच मौजूदा Br.No. 11 (मालवीय गंगा पुल) के स्टील सदस्यों का मेटलाइजिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 9,97,34,335.75 |
| 3. | बोली सुरक्षा राशि | रु. 6,48,700.00 |
| 4. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 16.06.2025 |
| 6. | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 30.06.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7. | न्यूनतम पात्रता की शर्तें | |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने की लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं हैं, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8. | एक समान कार्य | "पुल स्टील गर्डर्स/स्टील संरचनाओं का मेटलाइजिंग/गैल्वनाइजिंग।" |
| 9. | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता / से. कर्म., उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

**नोट:** 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.- 02/डब्ल्यू./बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2025-26 दिनांक 03.06.2025
1654/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाईचारे, आपसी सौहार्द व संयम से मनाएं त्योहार : डीएम

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** बकरीद पर्व के मद्देनजर बुधवार को पुलिस लाइन में पीस कमेटी की बैठक डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में हुई। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुटे नागरिकों से डीएम ने भाईचारे, आपसी सौहार्द, संयम और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने जिले के धर्मावलम्बियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि पर्व पर सफाई, यातायात व्यवस्था, पर्याप्त सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए सम्बंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस टीमें और प्रशासनिक टीमें जगह-जगह मुस्तैद रहेंगी। बैठक में शामिल नागरिकों की ओर से पूरी तरह सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:** EL-MWS-GKP-2025-26-06, इंस्टालेशन आफ 500 के0डब्लू0पी0 ऑन-ग्रिड (विदाउट बैट्री बैक-अप) सोलर रूफ-टॉप प्लान्ट एट न्यू एल0एच0बी0 शेड एण्ड आराकल शेड इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,12,05,363.82, बयाने की राशि: ₹ 2,56,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से - 06 महीना।
आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 25.06.2025 समय 11:00 बजे। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर
मुजाधि/विद्युत-55 (कार.)गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत साहुलपुर विकास खण्ड अहिरोरी हरदोई**

पत्रांक: मेमो **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक: 04.06.2025

सूचित किया जाता हैं कि मनरेगा, राज्यवित्त, 15वां वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति कर विभाग से सम्बंधित पंजीकृत मालिकों व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं फर्मो से दिनांक 5/06/2025 से 12/06/2026 तक शाम 2 बजे से निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। जोकि उसी दिन अपरान्ह 4 बजे आपूर्तिकर्ताओं व उनके जनप्रतिनिधियों के नामित समिति के द्वारा खोली जाएंगी। निविदा बिक्री दिनांक 12/06/2025 तक ग्राम पंचायत साहुलपुर मे की जाएगी। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क 200 रुपये अदा कर क्रय की जा सकती है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | श्रमांश | सामग्री अंश | कुल योग | अन्य भौतिक मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुखपाल के मकान से प्राइमरी पाठशाला अंटवा तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 62376 | 324235 | 387621 | 80×3 मीटर |
| 2 | दरबारी के मकान से गोलू के मकान तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 73832 | 385572 | 459404 | 95×2.60 मीटर |
| 3 | पंचायत भवन मरम्मत कार्य | 95000 | 145700 | 240700 | 01 |
| 4 | सुरेश के मकान से माइनर तक नाली निर्माण | 75900 | 185500 | 261400 | 200 मीटर |

**सामग्री का विवरण:**
1. सीमेंट, पत्थर गिट्टी, बालू, अव्वल ईट, मौरंग, रोड़ा आदि।
2. सीमेंट, इण्टरलाकिंग ईट, अव्वल ईट, मौरंग, बालू, रोड़ा आदि।
3. सीमेंट, पत्थर गिट्टी, बालू, अव्वल ईट, मौरंग, रोड़ा आदि।
4. सीमेंट, इण्टरलाकिंग ईट, अव्वल ईट, मौरंग, बालू, रोड़ा आदि।
5. सीमेंट, इण्टरलाकिंग ईट, अव्वल ईट, मौरंग, बालू, रोड़ा आदि।

नोट :- नियम व शर्ते निम्नवत हैं।
1. निविदा स्वीकृति प्राकलन दर से स्वीकृति प्राप्त नही की जाएगी। निविदा जो कम दर से होगी स्वीकृत की जाएगी।
2. एक अथवा प्रपत्र समस्त निविदा स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ वांछित अभिलेख जमा करने होगें निविदा स्वीकृत करने के उपरांत सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर ही जाएगी।
4. सामग्री से सम्बन्धित बिल आक्वार्टी कार्यालय अवधि में किसी भी समय देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
5. सामग्री से सम्बन्धित बिल मे जीएसटी सम्मिलित प्रेषित बिल जीएसटी सम्मिलित करते हुए प्राप्त किए जाएंगे।

श्रीमती राजेन्द्री देवी
ग्राम प्रधान - ग्राम पंचायत साहुलपुर
विकास खण्ड अहिरोरी हरदोई

श्री लाल बिहारी
ग्राम पंचायत अधिकारी - ग्राम पंचायत
साहुलपुर विकास खण्ड अहिरोरी हरदोई

# लूट की घटना का 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार।** एसओजी यमुनानगर जोन व थाना मेजा की संयुक्त पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूट की घटना का आज खुलासा कर दिया। अभियुक्तों के पास से लूट और चोरी की दो बाइक, एक मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद किया गया।

बुधवार को एसओजी यमुनानगर जोन व थाना मेजा की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर लखनपुर नहर पुलिया के पास थाना क्षेत्र मेजा से तीन लोगों को घेरकर पकड़ा। इसमें संदीप कुमार उर्फ गोलू पुत्र बृजमोहन भारतीया निवासी कनिगडा (शुकुलपुर), थाना मेजा, गोरे भारतीया पुत्र शशिकान्त भारतीया निवासी लेहडी थाना मेजा एवं शिवम भारतीया पुत्र राम सूरत निवासी वीरकाजी थाना फूलपुर, प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के पास से दो बाइक जिनमें एक परेड ग्राउण्ड दारागंज, प्रयागराज से चोरी की गयी थी, एंड्रायड मोबाइल फोन, लूट की घटना में प्रयुक्त चाकू तथा लूट के 230 रुपये बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार को पंकज कुमार पुत्र रामबाबू भारतीया निवासी समोगरा, थाना मेजा प्रयागराज अपने दोस्त के शादी समारोह से अपने घर जा रहा था कि रास्ते में दो बाइक सवार अज्ञात लोगों ने चाकू दिखाकर बाइक, मोबाइल फोन व जेब मे रखे सात सौ रुपये लूट लिए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद अनवार खान (MOHAMMAD ANWAR KHAN) था, वर्तमान में मेरा नाम, बदलकर अनवार अहमद (ANWAR AHMAD) रख लिया है, मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाये। **पता: ग्राम- जिगनी, पो0- मडराँव, थाना बिन्दकी, जिला- फतेहपुर, उ0प्र0- 212635।**

**सूचना**

मैं तनवीर सूबूही रिज़्वी पुत्री सैय्यद अबुल हसन, निवासिनी -401/99 दबेरुददौला, चौपटिया, चौक लखनऊ, पिनकोड 226003 की हूं। त्रुटि वश मेरा नाम कुछ बैंक कागजातो में तनवीर रिजवी/तनवीर सूबूही लिख गया है।जबकि सही नाम तनवीर सूबूही रिज़्वी हैं, (TANVEER SUBUHI RIZVI) भविष्य में हमें इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र कुमार पुत्र नन्हेलाल किशुनपुर केवई पो. सरवन थाना फुरसतगंज, परगना रोखा, तहसील तिलोई, जिला अमेठी का निवासी हूं। मेरे दो पुत्र अनुज कुमार, अरुन कुमार और एक पुत्री आंचल है। मेरा बड़ा लड़का अनुज कुमार आवारा किस्म का है। उसका चाल चलन गलत और समाज विरोधी होने के कारण अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

# नन्हीं जलपरी ने पार की यमुना

**प्रयागराज, अमृत विचार।** 10 वर्षीय बाल जलपरी वसुंधरा सिंह पुत्री रजनीश सिंह यमुना नदी को एक बार में ही बुधवार को तैरकर पार कर लिया है।

इस उपलब्धि का श्रेय उसने अपने गुरु 80 वर्षीय अजय नारायण खन्ना को दिया। अजय नारायण ने मात्र 15-20 दिनों में वसुंधरा को यमुना नदी पार करने लायक बना दिया। शुरुआत में वसुंधरा का तैराकी के दौरान पैर कट जाता था, दिक्कतें होतीं थीं पर गुरुकृपा और मेहनत से बच्ची ने अपने आपको मज़बूत बनाया और आज यमुना पार कर लिया। इस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। गुरुजी के सहयोगी पंकज पुरवार, प्रसून अग्रवाल व सुधीर के मार्गदर्शन में नदी पार की।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 02 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदाएँ भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं:-

**कार्यों का विवरण : 1.** कन्नौज स्टेशन पर विविध सिंगनलिंग कार्य तथा गुड्स शेड/मानीमऊ को कनेक्ट करने हेतु निर्माणाधीन साइडिंग लाइन के लिए कन्नौज-अरोल खण्ड के सिगनल एवं दूरसंचार यूटिलिटी को शिफ्ट करना, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,16,71,446.65, **बयाना राशि :** ₹ 3,08,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 9 माह। **कार्यों का विवरण : 2.** महत्वपूर्ण सिगनलिंग एवं दूरसंचार सर्किटों की विश्वसनीयता उन्नयन हेतु 16 किमी से अधिक सेक्शनल लम्बाई के शेष ब्लॉक सेक्शनों में अतिरिक्त ओ.एफ.सी. केबिल का प्रावधान (लालकुआँ-गूलरभोज, गूलरभोज-बाजपुर, लालकुआँ-हल्द्वानी एवं भोपतपुरा-बीसलपुर) और इज्जतनगर मंडल के रुद्रपुर सिटी-लालकुआँ खण्ड में सेफ्टी फेंसिंग के प्रावधान हेतु विविध दूरसंचार कार्य, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,26,25,490.86, **बयाना राशि :** ₹ 2,63,100/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह। **कार्यों का विवरण : 3.** इज्जतनगर मंडल में स्थापित Efftronics मेक डाटा लॉगर, आर.टी.यू. एवं सी.ओ.ए. सिस्टम की तीन वर्ष के लिए Comprehensive ए.एम.सी., **अनुमानित लागत :** ₹ 2,70,71,584.68, **बयाना राशि :** ₹ 2,85,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 36 माह। **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 26.06.2025 को 11:00 बजे।
• पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,
मुजाधि/सिगनल-18 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
**विश्व पर्यावरण दिवस** की हार्दिक
5 जून 2025
शुभकामनाएं





विवेक सिंह / रितेश मिश्रा / विमल पांडे
कॉन्टैक्टर लोक निर्माण विभाग
जनपद मिर्जापुर

अमृत विचार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAMESH KUMAR से बदल कर RAMESH KUMAR DALAI S/o GANGADHAR DALAI रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाए। **पता- 3/85 VIJYANT KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW Pincode 226010**

**सूचना**

दिनांक 01-04-2025 से सांझेदारी फर्म Krishna Enterprises and Solution के सांझेदार विशाल प्रकाश पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को निकालकर भास्कर पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को नए सांझेदार के रूप मे नियुक्त करते हुए फर्म के नाम मे संशोधन कर Krishna Solutions किया जाता है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार, पैन, व बैंक रिकॉर्ड में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी स्व0 राम अजोर सिंह है। जो सही है। पेंशन रिकॉर्ड में शांता देवी दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। मै स्पष्ट करती हूं कि मेरा नाम शान्ती देवी ही है। **शान्ती देवी पत्नी स्व राम अजोर सिंह ग्राम - बनभोकार पोस्ट - खानपुर, सुल्तानपुर उ. प्र. पिन -** 222303

**सूचना**

मैने अपना नाम EHRAR AHAMAD से बदलकर EHARAR AHAMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o - KALIM ADD- Ho.No. 424 JEEWAL POST-SIKRI DIST-BARABANKI - 225415(U.P)**

**सूचना**

मेरा खेत/प्लाट स्थित बलरामपुर देहात का रजिस्ट्री दिनांक 04/02/2020 का मूल दस्तावेज संख्या 202000925000560 जो कि प्लास्टिक के बैग में रखा था। दिनांक 29/05/2025 को गांव से गोविंदपुर के बीच में कहीं गिर कर खो गया है। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला है। **रिशू श्रीवास्तव पुत्र रमेश कुमार श्रीवास्तव ग्राम सहियापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिमा उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबंध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. -3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज - कन्नौज।**

**सूचना**

मेरा सही नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) है। मेरी जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाणपत्र- सह-अंकपत्र में 17.12.2002 है,जो सभी अभिलेखों में अंकित है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सिलोचना सरोज (SILOCHANA SAROJ) व जन्मतिथि 01.01.2002 अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड में संसोधन करते हुए नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) व जन्मतिथि 17.12.2002 अंकित किया जाये। **सुलोचना देवी पत्नी प्रदीप कुमार सरोज पता- ग्राम- बीरापुर, परगना- पट्टी, तहसील- रानीगंज, जिला - प्रतापगढ़, यू. पी.**

**सूचना**

मै, जुहैब जाहिद वयस्क पुत्र जाहिद जमशेद निवासी फ्लैट नं0-805, 16/16 गोकुल अपार्टमेण्ट सिविल लाइन्स ग्वालटोली थाना कोतवाली, कानपुर नगर अपनी पत्नी दानिया नाजिम पुत्री श्री मोहम्मद नाजिम निवासी म0नं0 44/8 चौबे गोला नई सड़क थाना मूलगंज कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में अन्तिम, तृतीय तलाक दि0 13-05-2025 को दे रहा हूँ। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको प्रथम तुहर की प्रथम तलाक दि0 1-3-2025 व द्वितीय तुहर की द्वितीय तलाक 12-04-2025 से सम्बन्धित नोटिस भी प्रेषित की जा चुकी है।




# मोदी सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक

## एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कार्यशाला को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कार्यशाला को संबोधित करते जिला प्रभारी व एमएलसी अवनीश सिंह।

**अमृत विचार :** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे प्रभावशाली नेतृत्व मिला है। मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। मोदी सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं।

जिला प्रभारी बुधवार को मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले अभियान की जिलास्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र भी दिया। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत की पुनर्स्थापना का श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी को दिया। कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ धाम का पुनरोद्धार और महाकुंभ जैसे आयोजन से प्रदेश की छवि बदल रही है। इन सबके चलते प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या देश में नंबर एक पर पहुंच गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शक्ति केंद्रों पर लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड बनवाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब ट्रेन से पानी पहुंचाने की व्यवस्था होती थी, जबकि आज हर घर नल से जल पहुंच रहा है। जिला प्रभारी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य ताकत एवं पीएम मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति का अहसास दुनिया को कराया। उन्होंने 9 से 21 जून तक चलने वाले अभियान की रूपरेखा को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए कहा कि 9 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में प्रेस वार्ता कर अभियान की शुरुआत करेंगे। 10 व 11 जून को जिले में प्रेस वार्ता एवं प्रदर्शनी का आयोजन, 12 से 14 जून को मंडल स्तर पर संकल्प सभाएं होंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन जिला महामंत्री शीलरत्न मिहिर ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अजीत प्रताप सिंह, रामकुमारी मौर्य, रचना श्रीवास्तव, गुरुशरण लोधी, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, मनोज वर्मा, सुशील जायसवाल, शेखर हयारन, सीता शरण वर्मा, नीता अवस्थी, सरिता सिंह, अभय सिंह, दिनेश पांडेय सहित सभी मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## बुआ के घर से ही उड़ा दी बुलेट

**बाराबंकी: अमृत विचार :** एक युवक ने बुआ के घर से ही बुलेट मोटरसाइकिल चुरा ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक, मोबाइल फोन बरामद किया है। देवा पुलिस ने जसीम अहमद निवासी बहराइच को देवा-फतेहपुर रोड पर कल्याणी नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से से चोरी की एक बुलेट बाइक, एक मोबाइल फोन, एक ब्लूटूथ, एक घड़ी, एक तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जसीम ने बीती 28 अप्रैल को ग्राम खेवली में रहने वाली बुआ के घर से बुलेट चोरी की थी।

**दो वांछित गिरफ्तार : बाराबंकी।** जहांगीराबाद पुलिस ने बुधवार को बीएनएस व सीएलए एक्ट में वांछित अमर को करन्द रेलवे क्रासिंग के पास से पकड़ा। सफदरगंज पुलिस ने इन्ही धाराओं में वांछित शिवभवन को वैसुवा नहर पुलिया जमलापुर के पास से गिरफ्तार किया।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप में छात्रों ने मूक अभिनय से व्यक्त कीं भावनाएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे समर कैंप में बुधवार को भाषाई अभिव्यक्ति और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मूक अभिनय से भावों की अभिव्यक्ति की। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा का निरीक्षण किया। जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज शहाबपुर और हाईस्कूल बांसा का दौरा किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते डीआईओएस।

### सभी बच्चे एक पौधा जरूर लगाएं : बीएसए

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजपुर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसए संतोष कुमार देव पाण्डेय और बीईओ संजय कुमार राय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ किया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी बच्चों से अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने और उसकी सुरक्षा का आह्वान किया। ईको क्लब की टीम ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडलीय महामंत्री नरेंद्र प्रकाश मिश्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


पौधा लगाते बीएसए।

### ब्लाक प्रमुख की पत्नी के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी की पत्नी प्रतिभा तिवारी के असमय निधन पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, पूर्व सांसद अंजू बाला चौधरी, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा, विधायक सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक अमरेश शुक्ला पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, जिपं अध्यक्ष गोंडा घनश्याम मिश्रा, पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा, पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष रामनगर रामशरण पाठक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।


श्रद्धांजलि देते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

### त्रिवेदीगंज क्षेत्र में खेत में मिला संदिग्ध उपकरण

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार को त्रिवेदीगंज क्षेत्र में एक किसान के खेत में संदिग्ध उपकरण मिला। उपकरण को देखने से लग रहा कि यह मौसम का अनुमान लगाने या फिर कृषि उपयोगी यंत्र है। इस मामले में लोनीकटरा थानाध्यक्ष दोमित्र सेन रावत का कहना है कि डिवाइस को सुरक्षित रखवा दिया गया है। विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


खेत में मिला उपकरण।

### लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहें छात्र : शर्मा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में 1978 बैच के पूर्व छात्र रवि शर्मा ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छात्र लक्ष्य के लिए दृढ़ संकल्पित रहें। रवि शर्मा पूर्व सीईओ टेलीकॉम एमएनसी के चेयरमैन व वर्तमान में भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना (हिमाचल प्रदेश) के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष, आईआईटी अल्युमनी काउंसिल के प्रेसिडेंट हैं। वर्तमान में भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष हैं।

### थानों पर लगी चौपाल में सुनी गईं समस्याएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए शुरू की गयी एक नई पहल पर बुधवार को सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन का आयोजन किया गया। बुधवार को सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित कराया गया।

## एक नजर

### पंखे में उतरे करंट से अधेड़ की गयी जान

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बिबियापुर मजरे खिंझना में मंगलवार की देर रात पंखे में उतरे करंट से अनिल कुमार (45) की मौत हो गई। पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके कुशीनगर वैवाहिक समारोह में शामिल होने गई थी। घर में अनिल अकेला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दवा न खरीदने पर मेडिकल स्टोर संचालक ने पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सीएचसी घुंघटेर पर सरकारी दवाएं ले रही आशा बहू शबनम व मरीज हिना को पीट दिया। संचालक आशा बहू से मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वेयर हाउस में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वाट, सर्विलांस व देवा पुलिस टीम ने एक दिन पूर्व वेयर हाउस में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी का एक लाख की कापर छड़ व करीब 50 हजार रुपये नकद बरामद किया। पुलिस ने विशाल कुमार रावत, संजीत साहनी उर्फ पहाड़ी व मोहित को गिरफ्तार किया।

### मानकविहीन कार्यों के विरोध में धरना शुरू

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के कार्यों में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए दुल्लापुर पंप हाउस के पास भाकियू (धर्मेंद्र) व श्रीराम सेवा समिति के नेतृत्व में बेमियादी धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की गई। जल निगम के अधिशाषी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

### तहसील के न्यायालयों पर निजी कर्मी नही करेंगे काम : एसडीएम

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच बैठक हुई। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने तहसील न्यायालयों में निजी कर्मियों के कार्य पर रोक लगाने का निर्णय लिया। बार संघ के पदाधिकारियों में महामंत्री रामलाल वर्मा, प्रदीप कुमार निगम और हरिनाम सिंह वर्मा ने समस्याओं को समक्ष रखा।

### घर में अकेली युवती से किशोर ने किया दुष्कर्म

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात घर में अकेली युवती से एक किशोर ने दुराचार किया। युवती को मेडिकल के लिए भेजकर पुलिस ने आरोपी किशोर को बाल सुधार गृह भेजा है।

### बारिश से दो कार्यालयों में हुआ जलभराव

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** दोपहर बाद अचानक तेज आंधी के साथ हुई बारिश से सीएचसी व ब्लाक परिसर में जलभराव हो गया। बारिश के बाद दोनों कार्यालय में मौजूद जरूरतमंद जलभराव से गुजरने को मजबूर हुए। हाईवे किनारे बना नाला पूरी तरह पटा होने के कारण जलभराव हो जाता है।

## हादसे में घायल दो और बच्चों की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सोमवार रात हरख:जैदपुर मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली व मारुति वैन टक्कर में घायल दो बच्चों की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में अब तक पिता पुत्र समेत तीन की जान जा चुकी है।

गत सोमवार की रात जैदपुर क्षेत्र में चंदौली पुलिया के पास ट्रैक्टर-ट्राली व वैन में टक्कर हो गई थी। सतरिख थाना के करौंदी कला निवासी निजामुद्दीन (35) परिवार के ही मो. आमान (12), बब्लू (30), नफीस (10), अरशद (8) व शाहनवाज (6) के साथ वैन से शादी में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब आठ बजे चंदौली गांव में वैन ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में घायल वैन सवार सभी छह लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डाक्टर ने निजामुद्दीन को मृत घोषित कर दिया था। वहीं उसके पुत्र शहनवाज (ढाई वर्ष) व अरशद (4) पुत्र शहाबुद्दीन समेत पांच को लखनऊ रेफर किया गया था। बुधवार की भोर में लखनऊ के निजी अस्पताल में शहनवाज शाह व अरशद ने दम तोड़ दिया।

### दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**फतेहपुर, अमृत विचार :** बिहुरा के पास दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। मसौली के सआदतगंज निवासी युनूस अपनी बहन मन्तशा के साथ बाइक से चिरैय्या पुरवा जा रहा था। वहीं चांदपुर, सीतापुर निवासी मो. अली अपने पुत्र महताब आलम के साथ बाइक से विपरीत दिशा से आ रहा था। फतेहपुर बेलहरा मार्ग पर स्थित ग्राम बिहुरा के निकट दोनों बाइकों की टक्कर में चारों लोग घायल हो गये। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया।

## लाइब्रेरी में दीं एक दर्जन पुस्तकें

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** एनएचएम के महाप्रबंधक डा. सतीश गौतम के पिता सड़क परिवहन निगम के पूर्व टीआई राम खेलावन गौतम ने बुधवार को पंचायत भवन बड़ागांव लाइब्रेरी मे एक दर्जन पुस्तकें प्रदान कीं। इस मौक़े पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, समाजसेवी मौलाबक्स, विशाल कुमार, सौरभ यादव, अंकित आदि मौजूद रहे।

**तीन शातिर गिरफ्तार : हैदरगढ़।** बबुरिहा का पुरवा मजरे गोतौना में एक दुकान में हुई चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रामजीत की डीजे की दुकान से 2 जून की रात चोर डीजे मशीन उठा ले गए थे। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के मिश्रन का पुरवा मजरे रौनी गांव निवासी विशाल कुमार, इसी ग्राम पंचायत के सूबेदार का पुरवा निवासी वेद प्रकाश सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डीजे मशीन बरामद कर ली।

## फूलों की खेती किसानों के लिए प्रेरणादायक : डीएम

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी ने कोटवाकला के दफेदार पुरवा स्थित मोइनुद्दीन के पॉलिहाउस (फूलों की खेती) का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि किसान मोइनुद्दीन की सफलता की कहानी अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। गांव के कई अन्य किसान भी अब फूलों की खेती की ओर रुख कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कोल्ड स्टोरेज में मौजूद आलू उत्पादक किसानों से भी मुलाकात की। जिलाधिकारी ने पॉलिहाउस के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण किया। बता दें कि मोइनुद्दीन ने एक छोटे से पॉलीहाउस से शुरुआत की थी। अब उनका फूल उत्पादन एक एकड़ तक फैल चुका है। किसानों की सुविधा के लिए फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर सत्याग्रह एक्सप्रेस 10 मिनट रुकती है। इससे ताजे फूल समय पर बाजार पहुंच जाते हैं।

### डीएम ने फिशरीज प्लांट का किया निरीक्षण

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम ने ग्राम मिश्रीपुर मजरे निगरी स्थित देवा फिशरीज प्लांट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने टैंकों की जल गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने अमोनिया स्तर और pH नियंत्रण प्रणाली की जांच की। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रणाली से निकलने वाले जल का उपयोग ऊसर भूमि के सुधार में किया जा सकता है। प्लांट के मैनेजर ने बताया कि जल में सिरके और एल्गी का नियंत्रित उपयोग किया जाता है। इससे अमोनिया और पीएच का स्तर संतुलित रहता है। उन्होंने व्यवसाय की सफलता और मछलियों की बिक्री प्रक्रिया की जानकारी भी दी।

### प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों का पूजन

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत पीड़ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में प्रभु श्रीराम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूजन सम्पन्न हुआ। मंदिर में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं को विधिवत जलाधिवास, अन्नाधिवास, चीनीाधिवास, घृताधिवास, शहदाधिवास एवं गंगाजल स्नान से अभिषिक्त किया गया। कार्यक्रम पं. वीरेंद्र व्यास शास्त्री के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य यजमान ललित कुमार मिश्रा के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुवार को श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### मंदिर में पांच देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को पांच दिवसीय अनुष्ठान का समापन हुआ। मंदिर में गणेश, मां दुर्गा, लक्ष्मी मां, भैरव और शनि महाराज की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पहले शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार, रामलीला मैदान और जगजीवनपुर होते हुए फूलपुर चौराहे से गुरुसेल मंदिर तक पहुंची। मार्ग में लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शाम को यजमान लक्ष्मीचंद्र पोरवाल, गुलाबचंद्र पोरवाल, रामनिवास गुप्ता समेत कई लोगों ने अपने परिवार के साथ पूजा में भाग लिया। यज्ञाचार्य रामनरेश मिश्रा, सुधाकर महाराज और फूलगिरी ने पूजन कराया।












अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### विश्व हिंदू महासंघ का रक्तदान शिविर आज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से गुरुवार को कस्बे के शिशु मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के 54वें जन्मदिन पर आयोजित किया जा रहा है। संगठन ने 54 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने बताया कि रक्तदाताओं की सूची जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजी जाएगी।

### हत्या के दो अभियुक्तों को मिली सजा

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की ओर से अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना खैराबाद पर विवेचना एवं प्रभावी अभियोजन के फलस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी), न्यू कोर्ट द्वारा मुकदमे में दोष सिद्ध दो आरोपियों को कठोर दंड सुनाया गया है। प्रत्येक अभियुक्त को 5 वर्ष का कठोर कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सजा एक पुराने हत्या के मामले में सुनाई गई है, जिसमें अभियुक्तगण ने एक विवाद के दौरान गंभीर चोटें पहुंचाकर व्यक्ति की जान ले ली थी।

### घर से समेटे नकदी व गहने

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत एक घर को चोरों ने निशाना बनाया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी के ग्राम दोनवा मजरा शेखानापुर निवासी रामकृपाल के मुताबिक, देर रात चोरों ने उनके घर की दीवार को पीछे से चढ़कर घर में पहुंचकर उसके भाई श्रीपाल के कमरे की अलमारी का ताला तोड़ा, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर शातिरों ने अलमारी में रखी 5000 रुपये की नकदी व सोने चांदी के जेवर समेट लिए और फरार हो गए। चौकी प्रभारी भदफर लाल बहादुर मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर।

### हिस्ट्रीशीटर तमंचे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जिले भर में शातिरों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। बड़ी कार्रवाई सिधौली सर्किल क्षेत्र में हुई। दो दर्जन से अधिक मुकदमों में निरुद्ध हिस्ट्रीशीटर किसी बड़ी वारदात करने से पहले पकड़ा गया। सिधौली सर्किल प्रभारी कपूर कुमार का कहना है कि सिधौली पुलिस टीम द्वारा पतारा कला चकमार्ग पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त कल्लू निवासी ग्राम सरौरा कला थाना कमलापुर को गिरफ्तार किया गया। सीओ ने बताया कि आरोपी थाना कमलापुर का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ पूर्व में चोरी, नकबजनी, मारपीट, हत्या का प्रयास, अवैध शस्त्र एवं मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में दो दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

### 12 तक करें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को आवेदन

**सीतापुर, अमृत विचार :** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद सीतापुर में नाई, दर्जी, बढ़ई, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं मोची ट्रेड से जुड़े कारीगरों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी दी कि पात्र कारीगर 12 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी http://msme.up.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, सराय मल्हुई, सीतापुर में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

# मत्स्य पालन बना किसानों की आय व रोजगार का नया जरिया

## रामपुर मथुरा स्थित कटान प्रभावित क्षेत्रों के 100 से अधिक किसानों ने खेती छोड़कर मत्स्य पालन को अपनाया

रामपुर मथुरा, सीतापुर



गांव के तालाबों में हो रहा मछली पालन। अमृत विचार



सवितेंद्र प्रताप सिंह।



शशांक प्रताप सिंह।



जितेंद्र सिंह।



अजय गुप्ता।

**अमृत विचार :** नदियां हमें प्राकृतिक रूप के साथ रोजगार भी देती हैं। ऐसा कुछ रामपुर मथुरा में किसानों को मिल रहा है। दरअसल यहां के किसान, परंपरागत खेती छोड़कर मत्स्य पालन को अपना रहे हैं। इससे किसानों को रोजगार के साथ दोगुना लाभ भी मिल रहा है। रामपुर मथुरा के पूर्व ब्लाक प्रमुख सवितेंद्र प्रताप सिंह ने पांडे पुरवा में 10 एकड़ में 10 तालाब बनवा दिये हैं। रिटायर्ड ब्रिगेडियर शशांक प्रताप सिंह द्वारा 10 एकड़ में 8 तालाब बनाए हैं। ग्राम पंचायत छतौनी के पूर्व प्रधान जितेंद्र सिंह द्वारा 4 एकड़ में 5 तालाब बनाए हैं। प्रगतिशील किसान बताते हैं कि इससे होने वाली आय के साथ किसान को रोजगार मिलने लगा है। जो कामगार बाराबंकी और लखनऊ का रुख करते थे। वे गांव में रहकर अपनी आजीविका चला रहे हैं।

**बढ़ते लाभ को देखकर आगे आए किसान :** बांसुरा निवासी अजय गुप्ता बताते हैं कि मुनाफे की फसल को देखकर किसानों ने चौपाल लगाई, फिर तय किया कि शासन की योजना से मिले लाभ के साथ मत्स्य पालन करेंगे।

इसमें उन्होंने संतू निषाद, लल्लू, राजेंद्र को शामिल किया और 10 एकड़ में आठ तालाब बनाकर मछली पालन आरंभ किया। आज इलाके के सौ से अधिक किसान परंपरागत खेती को छोड़कर मछली पालन में जुटे हुए हैं।

**कारोबियों की डिमांड पर तैयार हो रही मछलियां :** किसान अजय गुप्ता बताते हैं कि तालाब में तैयार मछलियां कारोबारियों की डिमांड पर तैयार की जा रही है। देशी मछलियों में भाकुर, रेहू, ग्रास, सिल्वर, व ब्रेकर (भंगाश) का पालन भी किया जाता है।

### 80 रुपये की लागत से कमा रहे कई गुना मुनाफा

मछली के बच्चे ज्यादातर बंगाल से आते हैं, जिन्हें बाराबंकी- लखनऊ आदि जगहों पर मछली पालन के लिए मछली के बच्चे सप्लाई करने वाले ब्रोकरों द्वारा मंगाई जाती है। एक मछली एक वर्ष में एक से डेढ़ किलो दाना खाती है। यानि उसके तैयार होने में प्रति मछली 80 रुपये का खर्च होता है। पूर्व ब्लाक प्रमुख सवितेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं कि मुनाफा कई गुना होता है।

# जेल में बंदी ने की खुदकुशी

## बेटे के हत्या के आरोप में पत्नी के साथ सजा काट रहा था आरोपी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर जेल में बुधवार उस समय हड़कंप मच गया। जब चहारदीवारी के पीछे बैरक के बाहर हत्यारोपी बंदी का शव उसकी ही तहमद से लटका मिला। मामले में डीआईजी रामधनी ने मौका मुआयना कर बंदियों से पूछताछ के बाद अधिकारियों के बयान लिये। सदरपुर थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत भलवाही मजरा रसूलाबाद का रामदास (53) पत्नी विमला के साथ पुत्र दीपू की हत्या के आरोप में 16 मार्च वर्ष 2024 से जेल में निरुद्ध था। बताते हैं कि सुबह सभी बंदी बैरक से निकले। रामदास भी अपने बैरक से बाहर आया, सुबह 7:40 मिनट पर उसका शव बैरक के बाहर तहमद से लटका हुआ मिला। कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू करते डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अंकुर अग्रवाल को अवगत कराया। पुलिस की मौजूदगी में प्रारंभिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेते हुए परिवार के लोगों को गांव में सूचना दी गई। दोपहर बाद डीआईजी रामधनी कारागार पहुंचे। उन्होंने बैरक का निरीक्षण कर बंदियों से बातचीत की। अधिकारियों के बयान दर्ज हुए। देर शाम तक जांच पड़ताल का क्रम जारी रहा।

- भलवाही मजरा रसूलाबाद गांव का है मामला, डीआईजी ने शुरू की जांच

**जमीन साहूकार के पास गई, मकान के बाहर पसरा सन्नाटा :** जिस बेटे दीपू की हत्या के आरोप में उसके पिता रामदास और मां विमला जेल में बंद थे, वह घटना 14 मार्च से पहले की है। बताया जाता है कि दीपू का शव एक बोरे में बरामद हुआ था। वारदात सामने आने के बाद रामदास और विमला को जेल भेज दिया गया। इस घटना के बाद रामदास के दो छोटे बेटे, दीनू और नीतेश, रिश्तेदारों के घर चले गए। विवाहिता बेटी ज्योति ने बताया कि मुकदमे के चलते भाइयों ने तीन बीघा जमीन पर कर्ज लिया था, जो अब साहूकार के पास चली गई है। घटना की सूचना मिलने के बावजूद, देर शाम तक कोई भी रिश्तेदार परिवार से मिलने नहीं पहुंचा। घर के बाहर सन्नाटा पसरा रहा।

### युवक की गर्दन में हैंडपंप का हत्था घुसा, मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे हैंडपंप से टकराने से युवक की गर्दन में हैंडपंप का हत्था घुसकर आर-पार निकल गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि बाइक चला रहा उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पिसावां थाना क्षेत्र के भकुरहा-गोपामऊ मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। पिसावां थानाक्षेत्र का गांव भरकुहा निवासी अरुण (20) पुत्र विद्याराम अपने चचेरे भाई पवन के साथ बाइक से जा रहा था। मोड़ पर बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे लगे एक हैंडपंप से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के पीछे बैठे अरुण की गर्दन सीधी हैंडपंप के लोहे के हत्थे से टकरा गई, जो उसे चीरते हुए आर-पार निकल गया। युवक वहीं कुछ मिनट तक दर्द से तड़पता रहा और फिर उसकी मौत हो गई। वहीं, बाइक चला रहा पवन 10 फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक करीब 15 फीट दूर खाई में जा गिरी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने अरुण को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पिसावां प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि जिस जगह हादसा हुआ, वहां सड़क पर तीखा मोड़ है। बाइक तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नल से टकरा गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतक के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

- सड़क पर तीखे मोड़ के कारण तेज रफ्तार बाइक हुई बेकाबू
- भकुरहा-गोपामऊ मार्ग पर हुआ दिल दहला देने वाला हादसा, चचेरा भाई गंभीर

### बस की चपेट में आई पालिका लिपिक, मौत

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिसवां में कार्यरत महिला कर्मचारी की परिवहन निगम की बस की चपेट में आने से मौत हो गयी। रीता शुक्ला (52) पत्नी श्याम शुक्ला निवासी मोहल्ला झज्जर पालिका परिषद बिसवां में लिपिक पद पर तैनात थीं। प्रतिदिन की तरह वह अपने पति के साथ बाइक से अपने घर के लिए निकली थी। अचानक नगर पालिका कार्यालय के सामने एक अनुबंधित बस की चपेट में आ जाने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

# सीतापुर-सिटी से रोजा तक बनेगी तीसरी व चौथी रेलवे लाइन



रेलवे निर्माण कार्य की समीक्षा करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सीतापुर सिटी स्टेशन से रोजा स्टेशन (शाहजहांपुर) तक प्रस्तावित तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन निर्माण परियोजना के सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने समयबद्ध सर्वेक्षण का निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में तकनीकी अथवा प्रशासनिक अड़चनें न आएं, इसके लिए अंतरविभागीय समन्वय आवश्यक है। बैठक में परियोजना से जुड़े संभावित लाभों पर भी चर्चा की गई, जिनमें क्षेत्रीय यातायात में सुधार, व्यापारिक गतिविधियों में तेजी, और यात्रियों को अधिक सुविधा जैसे बिंदु प्रमुख रहे। डीएम ने कहा कि यह परियोजना सीतापुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी और इसके लिए प्रभावित गांवों के लोगों से संवाद और न्यायोचित पुनर्वास भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता यादवेंद्र यादव, उप प्रभागीय वनाधिकारी विकास कुमार, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

- रेल परियोजना से प्रभावित होंगे 23 गांव 59.10 हेक्टेयर निजी भूमि प्रस्तावित

**सीतापुर में चार रेलवे स्टेशनों का होगा विस्तार :** परियोजना विवरण के अनुसार, सीतापुर जिले में 37.22 किलोमीटर रेलवे लाइन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए 59.10 हेक्टेयर निजी भूमि और 0.79 हेक्टेयर सरकारी भूमि की आवश्यकता होगी। इस निर्माण कार्य से कुल 23 गांव प्रभावित होंगे। साथ ही, सीतापुर, हेमपुर, महोली और नेरी रेलवे स्टेशनों का भी विस्तार प्रस्तावित है।

## दहेज हत्या में पति को 7 साल की सजा

**सीतापुर, अमृत विचार :** दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश तरन्नुम खान ने आरोपी पति अमनजीत को सात साल कारावास की सजा और 7 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। मामला 25 नवंबर 2021 का है, जब अमनजीत ने अपनी पत्नी रवनीत कौर से 10 लाख रुपये दहेज की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर उसने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन ने साक्ष्य और गवाह पेश किए। अदालत ने दहेज हत्या को गंभीर अपराध करार देते हुए कहा कि यह समाज के लिए कलंक है। ऐसे में अमनजीत को सात वर्ष की सजा सुनाई

# मुहिम रंग लाई, सरायन नदी की हुई सफाई

**अमृत विचार असर**

- अमृत विचार ने सरायन नदी के बिगड़ते स्वरूप का उठाया था मुद्दा



सरायन नदी की सफाई व्यवस्था की शुरुआत करते डीएम अभिषेक आनंद व अन्य।

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** सरायन नदी के उद्धार में जिला प्रशासन आगे आया है। डीएम ने खुद शहर के कैंची पुल के करीब पहुंचकर नदी की साफ-सफाई का शुभारंभ कराया। प्रशासनिक अफसरों को निर्देश भी दिए कि नदी पुनरुद्धार का कार्य जारी रहना चाहिए।

गौरतलब है कि अमृत विचार ने कंक्रीट के ढेर में सिमटती सरायन नदी शीर्षक सहित कई अन्य खबरों के प्रकाशन किए। जनहित मुद्दे को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गंभीरता से लिया और इसको लेकर एक कमेटी भी बना दी, ताकि नदी के जीणोद्धार किया जा सके। बुधवार को अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी क्षेत्र से गाद, ठोस अपशिष्ट व प्लास्टिक कचरे को पूरी तरह हटाया जाए। जिस-जिस स्थानों से नालों के माध्यम से कचरा और पानी नदी में गिर रहा है, वहां वैकल्पिक निकासी व्यवस्था भी कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी सहित अन्य उपस्थित रहे।



कंक्रीट के ढेर में सिमटती सरायन नदी

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**प्रशासन के रडार पर नदी के आसपास की इमारतें :** नदी के आसपास कंक्रीट की इमारतें प्रशासन के रडार पर हैं। भौगोलिक मैपिंग व चिन्हांकन की कार्रवाई आरंभ करने के निर्देश सफाई अभियान की शुरुआत होते ही जिलाधिकारी की ओर से जारी कर दिये गए हैं। इसकी जिम्मेदारी उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह को दी। डीएफओ नवीन खंडेलवाल को तटों पर सुरक्षात्मक फेंसिंग एवं पौधरोपण कराए जाने को कहा।

**बजने लगी फोन की घंटिया, मुर्गा मार्केट में पसरा सन्नाटा :** डीएम के आदेश के बाद सरायन नदी से सटी कई इमारतों में सन्नाटा पसर गया। बताते हैं कि कुछ इमारतों में धड़ल्ले से मुर्गियों की बिक्री चल रही थी। डीएम के सख्त आदेशों की जानकारी मिलने के बाद कई रसूखदार अपने करीबियों को फोन करके अभयदान मिलने का तरीका खोजते नजर आए।

# हमीरपुर गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम, मिले 16 मरीज



गांव पहुंचकर स्थितियों की जानकारी लेते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार व अन्य।



गांव में शिविर लगाकर मरीजों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

- तेज बुखार से एक ही गांव में हुई 3 मौतें छपी खबर पर डीएम ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार :** एक ही गांव में हुई तीन मौतों की खबर के प्रकाशन के बाद समूचे महकमें में हड़कंप मच गया। डीएम के निर्देश पर कसमण्डा विकास खण्ड क्षेत्र के हमीरपुर गांव तहसील प्रशासन की टीम पहुंची। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पहुंचकर मौका मुआएना किया और गांव में शिविर लगवाकर बुखार से पीड़ित लोगों की जांच भी करवाई गई। बता दें कि हमीरपुर ग्राम पंचायत में 12 वर्षीय राहुल, छात्र अमरेंद्र और बुजुर्ग महिला कमला की तेज बुखार आने के बाद मौत हो गई। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। ऐसे में बुधवार सुबह होते ही हड़कंप मच गया। डीएम अभिषेक आनंद के निर्देश पर तहसील प्रशासन सिधौली और कसमण्डा के अधिकारी मौके पर पहुंचे, पीछे से मुख्य चिकित्सा अधिकारी आ गए। गांव के भ्रमण के बाद राहुल के परिवारीजनों से बातचीत की। बीमार भाई से हालचाल जाना और गांव में कुछ और बुखार के मरीज मिलने पर शिविर लगवाया। शिविर का नेतृत्व सीएचसी अधीक्षक कसमण्डा डॉ. राजीव वर्मा की टीम रही। दवाओं का वितरण किया गया।

**बरेठी गांव में महिला ने तोड़ा दम :** बरेठी गांव में श्यामकली पत्नी रामकिशोर को दो दिन पूर्व तेज बुखार आया था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार यादव का कहना है कि मंगलवार को श्यामकली ने दम तोड़ दिया। गांव में कुछ और मरीज बुखार से पीड़ित हैं।

## हजरत मकबूल मियां का 67वां तीन दिवसीय उर्स संपन्न

**संवाददाता खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** दरगाह आलिया क़लंदरिया में हजरत सैय्यद मक़बूल मियां का 67वां तीन दिवसीय उर्स 4 जून को दुआ और कुल शरीफ के साथ समाप्त हुआ। समापन के अवसर पर सज्जादानशीन सैय्यद तरीक अहमद किरमानी ने दुआ कराते हुए श्रद्धालुओं को बुजुर्गों की तालीम पर अमल करने, आपसी भाईचारे को बढ़ाने तथा नमाज की पाबंदी पर विशेष जोर देने की सीख दी। उर्स की शुरूआत कुरआनख्वानी, मीलाद और कव्वाली से हुई। सुबह कव्वाली के बाद दोपहर में कुल शरीफ पढ़ा गया। खास फातिहा का आयोजन सज्जादानशीन के आवास पर भी हुआ, जहां लोगों ने दरगाह के बुजुर्ग के प्रति श्रद्धा और स्नेह प्रकट किया। इस तीन दिवसीय उर्स में सज्जादानशीन सैय्यद तरीक मियां किरमानी के साथ-साथ शोएब मियां, सैय्यद मदनी मियां, हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी, सैय्यद शबीक मियां किरमानी, निजामी मियां, सैय्यद अनीक अहमद किरमानी (मुख्य व्यवस्थापक), सैय्यद लईक मियां, जुगनू किरमानी, तालिब किरमानी, सैय्यद वसीक किरमानी, डॉ. रेहान रिजवी, सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद इमरान किरमानी सहित बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### शिविर में 102 लोगों के लिए रक्त के नमूने



तंबौर में चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच करते चिकित्सक।

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर की मेडिकल टीम ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत महत्वपूर्ण कदम उठाया। टीम ने ग्राम माखूबेहड़ ब्लॉक बेहटा में पहुंचकर 102 लोगों के रक्त नमूने एकत्र किये गए। इस अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र कुमार, अनमोल कुमार अमर सिंह आदि मौजूद रहे। तंबौर स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कल 6 दिन तक चलेगा। इस दौरान क्षेत्र के अन्य गांव में भी जांच की जाएगी।

### नैमिषारण्य धाम में पर्यटन विकास को लेकर डीएम ने की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नैमिषारण्य धाम में प्रस्तावित समेकित पर्यटन विकास परियोजना को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नैमिषारण्य क्षेत्र का व्यापक सर्वेक्षण कर उसकी आधारभूत आवश्यकताओं के अनुरूप री-डिजाइन योजना को अंतिम रूप देना रहा। बैठक में कार्यदायी संस्था के तकनीकी दल द्वारा अब तक किए गए प्रारंभिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, साथ ही नैमिष क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए यात्री सुविधाएं, स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पारम्परिक स्थापत्य कला का समावेश, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल सूचना प्रणाली विकसित की जानी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### हुसैनपुर में बनने वाले पुल का विधायक ने किया भूमि पूजन

**पहला, महमूदाबाद, अमृत विचार :** महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पहला ब्लॉक के हुसैनपुर गांव में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। इस पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं विधायक आशा मौर्या ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। उन्होंने कहा कि यह पुल वर्षों से क्षेत्र की आवश्यकता रहा है। सरकार ने इस मांग को गंभीरता से लिया और अब उसका समाधान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आपकी यह बेटी जो भी लेकर जाती है, सरकार उसे पूरा करने का काम करती है। पुल की चौड़ाई 7.30 मीटर होगी और इसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता नहर विभाग प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता अरुण वीर और जेई बलिकरण चौहान तथा विशाल यादव, सुखबीर यादव और वैभव शुक्ला भी मौजूद रहे।

### एसपी ने की खुले में कुर्बानी न करने की अपील

**महमूदाबाद, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में आगामी त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने की। मौके पर क्षेत्रीय प्रशासन, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण और पीस कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे। एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थानों पर न की जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मिलजुल कर मनाएं बकरीद का पर्व

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह ने सभी से मिलजुल कर बकरीद का पर्व मनाने की अपील की और कहा कि त्योहार को परंपरागत ढंग से मनाएं और कोई भी नई परंपरा ना डालें। इस मौके पर एसडीएम आकांक्षा गौतम ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर जानवरों की कुर्बानी न करें और शासन की दिशा निर्देशों का पालन करें। बैठक को क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि नमाज मस्जिद में ही पढ़े। सड़कों पर नमाज ना अदा की जाए। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने कहा कि अपशिष्ट कचरा डिस्पोजल नगर पालिका की टीम द्वारा की जाएगी। बैठक में मास्टर फुरकान, संतीश शर्मा, प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अभियुक्त को 7 वर्ष कारावास व 18 हजार का अर्थदण्ड

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना मानपुर पर विवेचना एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 / विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त नंदलाल पुत्र सोहन पासी निवासी ग्राम गोवर्धनपुर थाना मानपुर को भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376 के तहत 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं 18 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

### 12 वांछित व वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** सीतापुर पुलिस ने अभियान चलाकर कुल 12 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गईं। थाना रेउसा पुलिस द्वारा हरेराम, खगेसुर को गिरफ्तार किया गया। महमूदाबाद से मेंहदी हसन, लहरपुर से रामू, पप्पू उर्फ संतोष को पकड़ा गया। तंबौर से आफताब और अनस, हरगांव से प्रेम, सोवरन और श्रीराम को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली नगर शिवा कश्यप, थाना सकरन मो. समी को गिरफ्तार किया गया।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** खैराबाद विद्युत उपखंड में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब खैराबाद देहात क्षेत्र के 13 गांवों के ग्रामीणों ने जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग, किसान और बच्चे शामिल थे विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या को लेकर पावर हाउस परिसर पहुंच कर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्युत विभाग के एसडीओ को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लगातार एक माह से बाधित विद्युत आपूर्ति को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई। ग्रामवासियों की ओर से अध्यक्ष सहकारी संघ मानपुर अतुल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने स्वयं सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता खैराबाद रूरल से फोन पर बात कर गांव आकर समस्या सुनने का आग्रह किया, लेकिन अधिकारियों ने कार्यालय आकर बात करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। इसके विरोध में बुधवार को तय कार्यक्रम के अनुसार 13 गांवों के प्रतिनिधि लगभग 50 की संख्या में महिलाएं, बच्चे, वृद्ध और किसान खैराबाद विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे और नारे बाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।

### वन रेंजर व ऐलिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कराया भंडारा




काजीकमालपुर चौराहे पर पूजन- अर्चन कर भंडारे की शुरुआत करतीं वन रेंजर बीनू पाल व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह। अमृत विचार

**संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर, अमृत विचार :** चौथे मंगलवार को इमलिया क्षेत्र के काजीकमालपुर चौराहे पर पेट्रोल पंप के पास सामून खां के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भक्तों को बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। वन रेंजर बीनू पाल व ऐलिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह संजू के द्वारा पूजा- अर्चन कर भंडारे के आयोजन की शुरुवात की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग शामिल रहे। वहीं, क्षेत्र के सीतापुर- गोला मार्ग पर पंखुड़ी पेट्रोल पंप के पास अनुज सिंह व अजीत सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों को छोला- चावल व पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

Mother's Pride Public School SITAPUR

# Mother's Pride PUBLIC SCHOOL

WHERE DREAMS COME TRUE



MULTIPLE LITERACIES FOR A WORLD OF TOMORROW

# ADMISSIONS OPEN

## SESSION 2025-26

## PLAY GROUP TO CLASS VIII

Affiliation No. 40829-36

FOLLOW US ON @mppschoolstp

Syndicate Partners

entab | TRY FI BOX A Product of CONSTRUKT Learning Solutions PVT LTD | PISARV | SCHOOLNET LEARNING FOR LIFE | geneo Flexible Learning System | PLAY INDIA SOCIETY

www.mppschool.org | mppschool@yahoo.com

Vill. - TEDWA CHILLOLA, LAKHIMPUR BYPASS ROAD, SITAPUR (U.P.)

CALL : 05862-271515, 9415526040, 7310208000

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# अमेठी में युवक की गला रेतकर हत्या

## संग्रामपुर थाना क्षेत्र की है घटना, पड़ोसी के सरिया भरे कमरे में मिला रक्तरंजित शव

**वारदात**

- हाथ-पैर रस्सियों से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था
- पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी ने मौके पर लिया जायजा

संवाददाता, संग्रामपुर अमेठी


घटनास्थल पर परिजनों व ग्रामीणों से जानकारी लेतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

**अमृत विचार:** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान गांव में युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका रक्तरंजित शव बुधवार को सुबह गांव के ही एक पड़ोसी के सरिया भरे कमरे में मिला। मृतक की पहचान सागर पुत्र सिद्धार्थ के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक और क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर अधीनस्थों को वारदात के जल्द खुलासे के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान गांव निवासी सागर कोरी मंगलवार रात करीब 11 बजे भोजन के बाद अपने घर की छत पर सोने गया था। सुबह जब परिजनों ने उसे छत पर नहीं पाया तो मोबाइल पर संपर्क साधने की कोशिश की। उसका फोन भी बंद मिला। परिजनों ने तत्काल ग्रामीणों के साथ मिलकर सागर की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजन जब सुबह खोजबीन करते हुए घर से कुछ ही दूर पड़ोसी के सरिया भरे कमरे में पहुंचे तो सागर का रक्तरंजित शव देखकर दहाड़ें मारकर रोने लगे। मृतक के हाथ-पैर रस्सियों से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या से पहले उसे बांधकर काबू में किया गया था। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर संग्रामपुर थाना प्रभारी बृजेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने मौके पर जाकर जानकारी ली। उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। परिजनों ने सागर की हत्या को पूर्व नियोजित साजिश बताया है और कुछ अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।


सागर की फाइल फोटो।

**बोले जिम्मेदार**

अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया की बुधवार की सुबह पीआरबी को सूचना मिली कि संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान गांव में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस और फॉरेंसिक ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।

**नौकरी के लिए जाने वाला था दिल्ली**

मृतक की बड़ी बहन आरती ने बताया कि सागर 12वीं तक पढ़ा था। वह नौकरी के सिलसिले में बुधवार को ही दिल्ली जाने वाला था। सागर की शादी प्रतापगढ़ के गोसाई का पुरवा, लालगंज की रहने वाली मोहिनी से तय हुई थी। मोहिनी ने बताया कि एक महीने पहले सागर ने उसे एक वीडियो भेजा था, जिसमें एक युवक रात में बाइक से आता है और एक घर में घुसता दिखाई देता है। सागर ने यह वीडियो बनाया था। मंगलवार रात 8 बजे सागर से आखिरी बार बात हुई थी। उसने वीडियो के बारे में पूछा तो सुबह बात करने को कह कर फोन काट दिया था।

उनका कहना है कि सागर को पहले बेहोश किया गया फिर रस्सियों से बांधकर गला काट दिया गया। घटना के बाद से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं: पं. अजय शास्त्री

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** विकासखण्ड सिंहपुर क्षेत्र के कस्बा पन्हौना में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास पं. अजय शास्त्री बिंदु ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है,थ तब-तब प्रभु धर्म की रक्षा और अपने भक्तों के कल्याण के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। श्रीमद्भागवत के श्रवण मात्र से ईश्वर के समीप होने की अनुभूति होती है। कहा कि सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मुख्य यजमान विजय नारायण शुक्ल तथा आयोजक आदित्य नारायण शुक्ल,रामप्रकाश शुक्ल राम जी ने आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर भरत मिश्र, राम मिश्र, सत्येंद्र दुबे, आलोक त्रिपाठी, सत्य प्रकाश पांडे, मुरलीधर तिवारी, मुरारीलाल, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, शिवाकांत शास्त्री, दिनेश शुक्ल आदि उपस्थित रहे।



## सार-संक्षेप

### शासनादेश के विरोध में कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

**गौरीगंज अमेठी, अमृत विचार।** सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले नलकूप चालकों और अन्य सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्टेट में डीएम को दिया। ज्ञापन में सिंचाई और जल संसाधन विभाग के पदों को समाप्त करने का शासनादेश वापस लेने की मांग की गई है। इस मौके पर रमेश प्रताप सिंह, राम यश यादव, ऋषि कुमार गौतम, संतोष कुमार, हरिबख्श सिंह, विजय लाल, राहुल कुमार, अवधेश तिवारी, द्वारिका प्रसाद, राम नरेश मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव, राम अकबाल सरोज आदि मौजूद रहे।


कलेक्टेट में ज्ञापन देते सिंचाई विभाग के कर्मचारी।

### तीन तलाक के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** जनपद अमेठी के थाना कमरौली क्षेत्र अंतर्गत नूरशबा पुत्री मोहम्मद सोहिल निवासी ग्राम पूरे लाल खां ढुरेहड़ी, थाना कमरौली ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें पति रेहान पर तीन तलाक देने का भी आरोप लगाया गया था। उसका कहना था कि उसके पति रेहान पुत्र मोहम्मद अशफाक ने उसे फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। नेवाजमदारगढ़ निवासी रेहान, उसके पिता मोहम्मद अशफाक और मां शहरून बानो के खिलाफ मामला दर्ज पुलिस ने विवेचना प्रारंभ कर दी थी। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि आरोपी पति रेहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### घर में आग लगने से लाखों रुपये का सामान राख

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र के असैदापुर एफसीआई गोदाम के पास स्थित संतोष मिश्रा के मकान में मंगलवार रात आग लग गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आग की चपेट में आने से घर का सारा सामान, जरूरी दस्तावेज और गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, घर में मकान एक युवक और उसकी बहन किराए पर रहते हैं। युवक ट्रांसपोर्ट में काम करता है जबकि उसकी बहन प्रीति तिवारी निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं। घटना के समय युवक मंदिर गया था और प्रीति पड़ोस में गई थीं। सूचना के बाद भी कोई दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। पीड़िता प्रीति तिवारी ने बताया कि आग में लाखों का सामान नष्ट होने का अनुमान है। दमकल न आने पर स्थानीय लोगों ने बाल्टियों, पानी की टंकियों और पाइपों की मदद से आग बुझाई।

### पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** सरेनी पुलिस की कार्रवाई से आहत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित उत्तम कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि छोटे भाई रिशु व भांजे सुजीत को फर्जी तरीके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिस घटना में पुलिस इन्हें आरोपी दिखाकर गिरफ्तार किया है उनका इससे दूर-दूर का नाता नहीं है। भाई रिशू नाबालिग है व भांजा मामा के यहां घूमने आये थे। गांव स्थित एक अखाड़े पर कुश्ती लड़ने की प्रैक्टिस कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। सूचना पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर पूरी बात बताई, लेकिन पुलिस मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर आकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी डा. यशवीर सिंह ने पीड़ित को मदद का आश्वासन दिया है।

### पत्नी पर लगाया हमले का आरोप

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** हलोर ग्राम में पानी पूरी (गोलगप्पा) व्यवसाई युवक ने पुलिस से पत्नी की शिकायत की है। उसका आरोप है कि उसकी पत्नी गला दबा कर हत्या करने का प्रयास कर चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जालौन जिले के सिरसा कला थाना क्षेत्र के जुगियापुर ग्राम निवासी रोहित का विवाह करीब चार वर्ष पहले सिरसा कला की ही अंजली के साथ हुआ था। रोहित करीब डेढ़ साल से हलोर निवासी श्रवण कुमार के मकान में किराए पर रहता है। वहीं वह पानी पूरी बना कर बेचने का कार्य करता है। युवक का आरोप है कि सोमवार को उसने अपनी पत्नी को किसी से मोबाइल पर चैटिंग करते देखा। रोक टोक करने के बाद भी वह नहीं मानी। बुधवार को वह घर पर था। अंजली के मामा-मामी भी घर आए थे। सबके साथ रोहित ने गांव जाने के लिए कहा। इतने में उसकी पत्नी आग बबूला होकर युवक पर हमलावर हो गई। आरोप है कि पहले तो मामा के साथ मिलकर लात घुसो से मारा, जब रोहित जमीन पर गिर गया तो जान से मार डालने की नियत से उसका गला दबा दिया। घर में झगड़े की आवाज सुनकर रोहित का भाई आ गया। उसकी मदद से उसकी जान बच सकी। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना में तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### बहन-बेटियों से गलत व्यवहार पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एक जाति विशेष का गांव में इस कदर आतंक है कि दलित समाज की बहन बेटियों का घर से निकलना दूभर हो गया है। पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। दलितों ने इस मामले को लेकर बुधवार को तहसील में प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा है। मामला क्षेत्र के इटौरा बुजुर्ग ग्राम पंचायत का है। बुधवार की सुबह इस गांव के बड़ी संख्या में दलित बिरादरी के लोग तहसील पहुंचे और उन्होंने जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ भी खूब नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि एक जाति विशेष के लोगों का गांव में बड़ा आतंक है। वह गांव की बहन बेटियों के साथ गलत व्यवहार करते हैं और विरोध करते है तो मारपीट भी करते हैं, जिससे पूरे गांव में भय व्याप्त है। इस मामले में ग्रामीणों ने कई बार पुलिस से शिकायत की, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक तरफ गांव में आतंक और दूसरी तरफ पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर ग्रामीण बुधवार को तहसील पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम राजेश श्रीवास्तव को सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो वह लोग प्रदेश मुख्यालय में भी पहुंच कर प्रदर्शन करेंगे। उधर कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि गांव के दो पक्षों में विवाद है, जिसमें निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### नहीं चेते तो पानी के लिए हो सकता है अगला विश्व युद्ध

**अमेठी,अमृत विचार।** जलवायु में हो रहे व्यापक परिवर्तन विषय पर अमेठी जल बिरादरी की ओर से रणांजय इंटर कालेज टेंगहा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में धरती के जल भंडार की कमी को दूर करने के लिए वर्षा जल संचयन के साथ पौधरोपण का संदेश दिया गया। वृक्ष मित्र टी पी सिंह ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र समान, वृक्षारोपण कार्य महान। अमेठी जल बिरादरी के संयोजक डॉ अर्जुन पांडेय ने देश में निरंतर बढ़ रहे पानी के व्यापार से धरती के खाली हो रहे जलभंडार पर गहरी चिंता जताई और कहा कि यदि समय रहते हम न चेते तो अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। मुख्य अतिथि जय प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति प्रदत्त उपहार स्वरूप प्राप्त संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करें। अध्यक्षता करते हुए करुणेश चंद्र मिश्र ने कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय संकट से निजात पौराणिक ज्ञान से ही संभव है। संतोष श्रीवास्तव, सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल, रामेश्वर सिंह 'निराश', दिनेश शुक्ल, अमर बहादुर सिंह,अनुपम मिश्र, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम प्रशासन बने नगर पंचायत सलोन के प्रशासक, सभासदों के साथ की बैठक

संवाददाता, सलोन, रायबरेली



सभासदों के साथ बैठक करते एडीएम प्रशासन विशाल कुमार यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फर्जी जाति प्रमाणपत्र के मामले को लेकर 27 मई 2025 को नगर पंचायत अध्यक्ष के अधिकारों को सीज कर दिया गया। जिसके बाद बुधवार को प्रशासक के रूप में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने नगर पंचायत के सभासदों के साथ एक समीक्षा बैठक की। जिसमें नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर सभासदों ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर प्रशासक को विस्तृत जानकारी दी। प्रशासक ने नगर पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया कि बकरीद के त्योहार पर नगर में साफ-सफाई, गन्दे पानी के निकासी व पीने के पानी जैसी समस्या कही भी उत्पन्न न होने पाएं। उन्होंने नगर पंचायत के विकास कार्यो को लेकर सभासदों से वार्डों की समस्याओं पर उनसे प्रस्ताव बनाकर देने की बात कही तथा सभी मामलों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नगर में अतिक्रमण हटाने, दुकानदारों को अपनी दुकान के सामने डस्टबिन लगाने व एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिये सभासदों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश, अधिशाषी अधिकारी प्रियंका तिवारी व सभासद मो. फिरोज, अब्दुल रब, मो. अशफाक, अयाज अहमद, सभासद प्रतिनिधि लवकुश आदि समेत नगर पंचायत कर कर्मचारी मौजूद रहे।

## फौजी से 2.61 लाख रुपये की ठगी, एसपी से शिकायत

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** झूलपुर गांव में एक सेवानिवृत्त फौजी से साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 73 वर्षीय हरिकिशोर नामक बुजुर्ग से दो अज्ञात लोगों ने राशन कार्ड बनवाने के नाम पर आधार कार्ड और मोबाइल लेकर उनकी सिम को पोर्ट कर दिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से 2.61 रुपए लाख की भारी रकम धोखे से निकाल ली गई। घटना 24 मई दोपहर की है, जब दो युवक बाइक से झूलपुर गांव पहुंचकर खुद को तहसील कर्मचारी बताया और बुजुर्ग हरिकिशोर से पूछा कि उनका राशन कार्ड बना या नहीं। जब बुजुर्ग ने 'नहीं'बताया तो ठगों ने आधार कार्ड मांगा और मोबाइल भी यह कहकर ले लिया कि जांच करनी है।

बुजुर्ग ने जब विश्वास कर दोनों चीजें सौंप दीं, तो आरोपियों ने चुपचाप उनका मोबाइल नंबर एयरटेल से वोडाफोन में पोर्ट कर दिया। कुछ दिन बाद जब हरिकिशोर बैंक गए, तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से 28 से 31 मई के बीच दो लाख, 61 हजार रुपए की अवैध निकासी हो चुकी है। वृद्ध फौजी ने इस संबंध में चार जून को साइबर थाना रायबरेली में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। घटना से आहत हरिकिशोर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सरेनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा उनकी जीवन भर की जमापूंजी वापस दिलाने की मांग की है।

## जिला पंचायत बनाएगा दो संपर्क मार्ग, अध्यक्ष ने रखी आधारशिला


भूमि पूजन कर जिला पंचायत के कार्यों की शुरुआत करातीं अध्यक्ष रंजना चौधरी।

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मार्ग और पक्के नाला का निर्माण जिला पंचायत द्वारा कराया जाएगा। दोनों कार्यों की आधारशिला जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी ने रखी है। उन्होंने विकास की चल रही सतत प्रक्रिया को निरंतर बढ़ाते रहने का संकल्प दोहराया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्र के गंगा कटरी से जुड़े हुए ग्राम सभा करौली में बाबा राम कुमार दास इंटर कॉलेज से लेकर डामर रोड पक्की सड़क तक इंटरलॉकिंग और ग्राम सभा कंदरावा के गांव पूरे फकीर में नाला निर्माण की आधारशिला रखी है। नाला का निर्माण करीब 12 लख रुपए की लागत से कराया जाएगा। जबकि इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण चार लाख रुपए की लागत से होगा। आधारशिला रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि संपूर्ण जनपद के साथ-साथ ऊंचाहार क्षेत्र में भी विकास कार्यों की सतत प्रक्रिया निरंतर जारी है और यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत द्वारा जनपद में जहां भी जरूरतें महसूस की जा रही हैं, वहां-वहां विकास के सारे कार्य कराए जा रहे हैं। जनता को सहूलियत उपलब्ध कराने की दिशा में इन दो नए कार्यों की आधारशिला रखी गई है। इस दौरान ग्राम प्रधान के अलावां स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

### बांदा-बहराइच राजमार्ग पर एक माह से टूटा पड़ा है विद्युत पोल

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र में शिवगढ़ नगर पंचायत के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित गीता फिलिंग स्टेशन अहलादगढ़ पेट्रोल पम्प के पास क्षतिग्रस्त हाई वोल्टेज लाइन का विद्युत पोल पिछले एक माह से राजमार्ग लटका हुआ है, जो हवा चलने पर हिलता रहता है। इसके गिरने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं विद्युत विभाग मूकदर्शक बनकर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यदि जल्द ही बदलकर दूसरा विद्युत पोल नहीं लगाया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर क्षेत्र के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा, दिनेश यादव, सभासद अभिषेक अवस्थी, समाजवादी पार्टी के शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल, राकेश त्रिवेदी आदि लोगों ने बताया कि एक माह पूर्व किसी अज्ञात वाहन ने हाई वोल्टेज लाइन के इस विद्युत पोल में टक्कर मार दी थी जिससे पोल क्षतिग्रस्त होकर बांदा बहराइच राजमार्ग पर लटक गया था। उन्होंने बताया कि बांदा-बहराइच राजमार्ग उत्तर प्रदेश का सबसे लम्बा मार्ग है जिस पर आम जनमानस के साथ ही भारी वाहनों का आगमन रहता है, जिसके गिरने पर किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। यदि जल्द ही विद्युत पोल बदलकर दूसरा विद्युत पोल नहीं लगाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस बाबत जब एसडीओ प्रमोद वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान नहीं था। अभी दिखवाते हैं।

## क्लोजर रिपोर्ट पर मृतक की मां ने उठाए सवाल

केशव बाजपेयी, अमेठी

**गुत्थी उलझी**

- नवोदय विद्यालय के छात्र अभय की हत्या का मामला
- सीबीआई निदेशक को पत्र भेजकर फिर जांच करने की लगाई गुहार

**अमृत विचार।** सात वर्ष पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के 11वीं के छात्र रहे अभय प्रताप सिंह की हत्या का पुलिस से लेकर सीबीआई तक खुलासा नहीं कर सकी है।

सीबीआई द्वारा न्यायालय में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर मृतक की मां ने सवाल उठाया है। प्रधानमंत्री के साथ ही सीबीआई निदेशक को पत्र भेजकर दुबारा जांच करने की गुहार लगाई है। नवोदय विद्यालय के छात्र अभय सिंह की 13 जनवरी 2018 की रात हत्या कर शव को विद्यालय से दो किमी दूर रेलवे ट्रैक के बगल डाल दिया गया था। हत्या का मुकदमा दर्जकर गौरीगंज पुलिस ने 25 जुलाई 2019 तक, सीबीसीआईडी प्रयागराज ने 24 नवम्बर 2020 तक तथा सीबीआई लखनऊ ने 26 जुलाई 2021 से हत्याकांड की विवेचना की। सीबीआई ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट न्यायालय सुल्तानपुर में दाखिल कर दी लेकिन जांच एजेंसियां खुलासा नहीं कर सकी। मृतक की मां ने अपने पत्र में हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी को कोट करते हुए कहा है कि जब हत्या हुई है तो हत्या करने वाले भी होंगे। कोर्ट ने तत्कालीन अमेठी एसपी से पूछा था कि क्या आप निश्चिंत हैं कि ये हत्या है सुसाइड नहीं? इस पर एसपी ने जवाब में कहा था कि ये निश्चित रूप से हत्या है।

मृतक छात्र की मां सरला सिंह ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए एक बार फिर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, निदेशक सीबीआई को पत्र भेजकर हत्याकांड का खुलासा करने की मांग की है।

### गंगा दशहरा को लेकर प्रशासन सतर्क

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** जगतारिणी मां गंगा के धरती पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को तहसील प्रशासन ने क्षेत्र के गोकना गंगा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया है। ज्ञात हो कि गंगा दशहरा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोकना पहुंचकर गंगा स्नान करते हैं। इस समय क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर पर्यटन विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे वहां की व्यवस्थाएं छिन्न-भिन्न हैं। अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता शुरू कर दी है। बुधवार को एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव, कोतवाल संजय कुमार, तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित समेत कर्मचारी गंगा घाट पहुंचे और उन्होंने स्थानीय तीर्थ पुरोहितों और नाविको से बातचीत करके गंगा स्नान की व्यवस्था दुरुस्त करने के बारे में चर्चा की। इस दौरान गहराई में बैरिकेंटिंग करने और स्नान करने वाले लोगों को गहराई में जाने से रोकने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। इस दौरान तीर्थ पुरोहित जीतेंद्र द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक चंद्र कुमार दीक्षित, लेखपाल कुलदीप सिंह, अमित निषाद, राजकुमार निषाद, फूलचंद निषाद आदि मौजूद थे।


## रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

पत्रांक: 307/सम्प0अनु0/2025–26/रा0वि0प्रा0/2025, दिनांक: 04/06/2025

**पंजीकरण सूचना**

रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा लखनऊ–प्रयागराज मार्ग पर रतापुर चौराहे के निकट एकता विहार आवासीय योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित तालिका में अंकित श्रेणी के रिक्त भवनों का पंजीकरण दिनांक 15.06.2025 से 14.08.2025 तक की अवधि में (पहले आओ पहले पाओ के आधार पर) खोला जा रहा है। इन भवनों के पंजीकरण हेतु पंजीकरण पुस्तिका रू0 500.00 के मूल्य में एच0डी0एफ0सी0 बैंक कचेहरी रोड, रायबरेली से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित भवनों के मूल्य आदि का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:–

| क्रमांक | निर्माण का विवरण | तल का विवरण | भवनों की संख्या | भवन का निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग मी0) | भवन का मूल्य | 10 प्रतिशत पंजीकरण धनराशि | आय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | निर्बल आय वर्गीय भवन (एक कमरा, एक किचेन, एक ट्वायलेट, बरामदा/बालकनी) | भूतल | 09 | 27.50 | 7,65,000.00 | 76500.00 | 3,00,000 तक वार्षिक |
| | | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल | 37 | 27.50 | 6,78,000.00 | 67800.00 | 3,00,000 तक वार्षिक |
| 2. | अल्प आय वर्गीय भवन (एक ड्राइंग रूम, एक बेड रूम, एक किचेन, एक डब्लू0सी0 एक बाथरूम बरामदा/ बालकनी) | भूतल | 03 | 38.60 | 13,41,000.00 | 1,34,100.00 | 3,00,001 से रू0 6,00,000.00 वार्षिक |
| | | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल | 08 | 38.60 | 11,85,000.00 | 1,18,500.00 | 3,00,001 से रू0 6,00,000.00 वार्षिक |
| 3. | अल्प आय वर्गीय भवन (एक ड्राइंग रूम, एक बेड रूम, एक किचेन, एक डब्लू0सी0 एक बाथरूम बरामदा/बालकनी) | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल | 05 | 46.00 | 14,12,200.00 | 1,41,200.00 | 3,00,001 से रू0 6,00,000.00 वार्षिक |

**पंजीकरण की शर्ते एवं दशायें :–**

1. पंजीकरण तथा आवंटन नियमावली में पंजीकरण हेतु जमा धनराशि का चालान/आवेदन प्रपत्र संलग्न है। पंजीकरण धनराशि का भुगतान एच0डी0एफ0डी0सी0 बैंक, कचेहरी रोड, रायबरेली के माध्यम से करना होगा।
2. योजना से सम्बन्धित तलपट मानचित्र, आवासीय भवनों का प्लान पंजीकरण/आवंटन नियमावली के साथ संलग्न है।
3. आवेदक को पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र जमा धनराशि की रसीद, सत्यापित फोटो, आई0डी0 आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित निर्धारित तिथि तक प्राधिकरण कार्यालय में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किये जायेगे।
4. प्राधिकरण की किसी भी योजना के असफल आवेदक यदि इच्छुक है तो अपनी जमा धनराशि के अतिरिक्त शेष धनराशि जमा करके एवं अन्य औपचारिकतायें पूर्ण कर अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।
5. आय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र शपथ पत्र के रूप में नहीं माना जायेगा। सक्षम स्तर से ही मान्य होगा।
6. न्यायिक अधिकार क्षेत्र रायबरेली होगा।
7. अन्य विवरण पंजीकरण पुस्तिका में उपलब्ध है।
8. पंजीकरण का विवरण प्राधिकरण के वेबसाइट www.rbdaup.in पर उपलब्ध है एवं आन लाइन भी पंजीकरण भी कराया जा सकता है।

(एम0अहमद)
सम्पत्ति अधिकारी


**सख्ती** जिलाधिकारी ने जलजीवन मिशन की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

# पेयजल योजनाओं में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

संवाददाता, अमेठी


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम संजय चौहान।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने परियोजना की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट लेते हुए कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता,पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया, जल स्रोतों की स्थिति, पेयजल की गुणवत्ता जांच, और घर-घर जल कनेक्शन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। जिन क्षेत्रों में कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां तुरंत तेजी लाई जाए उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे स्वयं गांवों का दौरा कर पेयजल योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगे, ताकि योजनाओं की जमीनी सच्चाई सामने आ सके।


गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले के बहादुरपुर विकासखंड अंतर्गत स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल मोहइया केसरिया का बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल पर मौजूद 125 गोवंशों की स्थिति का जायजा लेते हुए पाया कि कुछ गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गोवंशों की अनिवार्य रूप से ईयर टैगिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीमार गोवंशों के उपचार की जानकारी ली तथा हरे चारे की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा-भूसा रजिस्टर तथा केयरटेकर के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। इस दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल

## लालगंज, गुरबख्शगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को मिली सफलता, जिला अस्पताल में कराए गए भर्ती, 4 और साथी गिरफ्तार

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली


अस्पताल में घायल बदमाश का इलाज कराती पुलिस। अमृत विचार


पशु तस्कर की घटना का खुलासा करते एसपी डॉ. यशवीर सिंह, पुलिस गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लालगंज, गुरबक्शगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरबक्सगंज पुलिस ने इनके चार और साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संयुक्त टीम ने मेरुई चौराहे पर चेकिंग लगा रखी थी। चेकिंग को देखकर वैगन आर में सवार पशु तस्करों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो दीना के पुरवा के पास बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग दो पशु तस्करों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ये बदमाश जिले में भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पूछताछ के बाद गुरबख्शगंज पुलिस ने इनके अन्य चार साथियों को भी गिरफ्तार किया है। ये आरोपी अब तक जिले में लगभग एक दर्जन घटनाओं को कारित कर चुके है। पकड़े गए पशु तस्करों के पास से एक कार, 22 हजार रुपये, चार भैंस और दो अवैध तमंचे बरामद हुए है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया ये पशु तस्कर काफी दुर्दांत अपराधी है, ये घूम-घूमकर रेकी कर घटनाओ को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए दोनों घायलों ने अपने नाम क्रमशः मोहर्रम अली उर्फ खलील पुत्र ख़लीला निवासी सनगांव थाना कोतवाली नगर फतेहपुर व मो चांद पुत्र सफीक निवासी सनगांव कोतवाली नगर फतेहपुर बताए हैं। इनके चार अन्य साथी भी पकड़े गए है।

### सरेनी के नट पशुओं को डंप करने का करते काम

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने इस मामले में पकड़े गए सरेनी थाना क्षेत्र के पलटीखेड़ा गांव में भारी संख्या में नट बिरादरी के लोग रहते हैं। ये लोग नटों से कनेक्शन बनाकर पशुओं गाड़ियों में लोड करवाते थे। पुलिस ने एक नट को भी गिरफ्तार किया है।

### उन्नाव के स्लॉटर हाउस से पशु तस्करों का कनेक्शन

**संवाददाता, रायबरेली ,अमृत विचार।** पुलिस द्वारा पकड़े गए पशु तस्करों का कनेक्शन अन्य जिलों से भी है। यहां से पशुओं की चोरी कर वे उन्नाव स्थित एक स्लॉटर हाउस में पशुओं को विक्रय करते थे। रायबरेली पुलिस की नजर उन्नाव के स्लॉटर हाउस में काम करने वालो पर भी है। एसपी ने बताया कि ये बड़े अपराधी हैं, ये लोग 80 रुपये प्रति किलो के हिसाब से पशुओं का मांस स्लॉटर हाउस में बेचते थे। बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह इस पूरे मामले का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को गुरबख्शगंज पुलिस को भैंस चोरी की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान पिकअप में चार भैंसों को लादकर ले जा रहे थे लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए लोगों ने अपने नाम क्रमश: सद्दाम पुत्र शफीक निवासी ग्राम सनगांव थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर, सुलखान पहलवान पुत्र अमलेश निवासी ग्राम आजाद नगर बदरखा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव, सुजीत पुत्र संतोष निवासी राहिमालन जमुरवा थाना हुसैनगज जनपद फतेहपुर, रिशु पुत्र पाली उर्फ जगत बहादुर निवासी ग्राम पलटी खेड़ा थाना सरेनी जनपद रायबरेली, मोनू विश्वकर्मा पुत्र कामता प्रसाद विश्वकर्मा निवासी काशीराम कॉलोनी आरटीओ ऑफिस थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर बताए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया हमारे दो साथी फतेहपुर की ओर जा रहे है तो गुरबख्शगंज और लालगंज पुलिस को इसकी सूचना दी गई तो लालगंज पुलिस ने घेराबंदी कर ली। लालगंज थाना क्षेत्र के दीना का पुरवा की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पशु तस्करों की कार गड्ढे में फंस गई तो दोनों आरोपी कार से उतर कर भागने लगे। पुलिस को पीछा करते देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस नेअपने बचाव में की तो पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में मोहर्रम अली व मोहम्मद चांद पैरों में गोलियां लगने से घायल हो गए।

## एक नजर

### एसपी ने किया सिपाही को सम्मानित



**रायबरेली।** जिले में साइबर थाने के एक सिपाही द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। सिपाही के कार्यों और मेहनत से प्रसन्न होकर एसपी डॉ यशवीर सिंह ने बुधवार को सिपाही कुलवीर सिंह को मई माह का "कॉप ऑफ द मंथ" अवार्ड देकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बीती नौ मार्च को डीह थाना में शुभम पांडे ने तहरीर के माध्यम से बताया था कि उसके खाते से फ्राड हो गया है। इसके बाद साइबर थाने में तैनात सिपाही कुलवीर सिंह ने इसके साक्ष्य इकट्ठा किये जिससे पुलिस को मदद मिली और संबंधित आरोपी जेल भेजा गया।

### भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

**महराजगंज, रायबरेली।** विभागीय लोगों की मिलीभगत से भू-माफिया द्वारा तहसील क्षेत्र के राघवपुर गांव में जमीन कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। तहसील क्षेत्र के गोपाल खेड़ा मजरे राघव पुर गांव निवासी ननकऊ ने डीएम हर्षिता माथुर को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम सभा राघवपुर में उसकी जमीन है। जिसमें पांच खातेदार हैं। गोपाल खेड़ा निवासी राजेश यादव पुत्र रामसेवक यादव आधे के ही हकदार है। परंतु विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी की मिलीभगत से वह छह बीघे जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं। ननकऊ द्वारा मंडल आयुक्त लखनऊ से लेकर जिलाधिकारी, तहसीलदार तक से मामले की शिकायत की गई है। परंतु भू-माफिया का अवैध निर्माण लगातार जारी है। मामले में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं मामले में तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### समारोह में अतिथि सम्मानित

**रायबरेली।** प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग एवं नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग चतुर्थ दिवस के अवसर पर संजय सिंह (सह प्रान्त कार्यवाह अवध प्रान्त) का सम्मान साकेत संभाग के निरीक्षक अवरीश ने अगवस्त्र एवं श्रीफल भेट कर स्वागत किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री शिवशंकर का भी स्वागत किया गया।इस मौके पर प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, सुरेश सिंह, उत्तम, रामनिवास आदि उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिश से गर्मी में मिली राहत जलभराव से आवागमन में आफत


बारिश में भीगते हुए जाते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश ने शहरवासियों को गर्मी से राहत प्रदान की। लगभग आधा घंटे हुई झमाझम बारिश से नगर क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव नजर आया। जिससे आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर क्षेत्र में मिलन सिनेमा के निकट, एसजेएस के पास सड़कों पर पानी भरा हुआ था। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हुई। इसी के साथ रामकृपाल तिराहे से मधुबन क्रासिंग तक जाने वाली सड़क पर, प्रभुटाउन चौराहे के निकट जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। सड़क पर जगह-जगह गड्ढो ने राहगीरों की मुसीबतों में और इजाफा कर दिया।

### तेज आंधी के साथ हुई बारिश


शिवगढ़ क्षेत्र में बारिश से सड़क पर भरा पानी।

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र में बुधवार की सायंकाल तेज हवा के झोंकों के साथ शुरू हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। एडीओ एजी दिलीप सोनी ने बताया कि यह बारिश धान की नर्सरी के लिए वरदान साबित होगी। पिछले कई दिनों की तेज धूप के कारण नर्सरी की ग्रोथ प्रभावित हो रही थी, और हर तीसरे दिन सिंचाई करनी पड़ रही थी। अब बारिश के कारण नर्सरी जल्दी तैयार होगी, जिससे किसान लाभान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त, मैंथा की फसल की सिंचाई भी हर आठवें दिन करनी पड़ रही थी। बारिश होने से सिंचाई की आवश्यकता कम हो गई है। इससे किसानों की मेहनत और खर्च दोनों में कमी आएगी। इस वर्षा से न केवल कृषि क्षेत्र को लाभ होगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को भी गर्मी और उमस से राहत मिलेगी। प्रगतिशील कृषक रामकिशोर मौर्य, कमल किशोर रावत, संगीत मिश्रा, मनोज कुमार आदि लोगों कहना है कि हो रही बारिश धान की नर्सरी के साथ ही फसलों के लिए वरदान साबित होगी।

# युद्ध स्तर पर चल रहा नगर पालिका का सफाई अभियान

संवाददाता, रायबरेली

▶▶ ड्रोन की निगरानी में ईओ स्वर्ण सिंह करा रहे हैं नाला सफाई


पीएनटी कॉलोनी के पास नाला की सफाई करते कर्मचारी।

**अमृत विचार।** बरसात से पूर्व नगर पालिका परिषद की ओर से चलाया गया नाला सफाई अभियान बारिश में कारगर साबित हो रहा है। नपाप ईओ द्वारा इसकी विधिवत कार्य योजना तैयार कर नालों की लगातार कराई जा रही सफाई पर नजर गड़ाए हुए हैं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बरसात में जल भराव की समस्या को भांपते हुए पूरी सतर्कता के साथ साफ-सफाई के आदेश दिए हैं।

जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिका क्षेत्र के नाली नालो की सफाई का कार्य लगातार तेजी से चल रहा है। दो तीन दिन में लगभग शहर की सभी नाली-नाला की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। नालों की साफ-सफाई का ड्रोन के माध्यम से अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही। जिसके क्रम में सम्राट नगर, तिलक नगर, इंदिरा नगर, प्रगति पुरम, मलिकमऊ कालोनी, जवाहर विहार कालोनी, खाली साहट, जोशियाना, अंदरुन किला कुम्हारन टोला, धोबियाना, मनिका रोड, अमरेशपुरी, विकास नगर, मुन्शीगंज, राजकीय कालोनी, आजाद नगर, आनंद नगर, कैलाशपुरी, मिलन सिनेमा, महबूब आलम, कैनाल रोड, कचहरी रोड समेत शहर के लगभग नालों की साफ सफाई कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष बचा हुआ कार्य एक दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। अपर जिला अधीकारी सिद्धार्थ ने बताया कि नाली नालो की साफ-सफाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है। बरसात शुरू होने से पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा।

# 23 राजस्व कर्मियों पर कार्रवाई प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ रोका वेतन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने तहसील की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायत निस्तारण पर शिथिलता बरतने पर 19 लेखपाल और चार राजस्व निरीक्षकों पर प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई कर एक माह का वेतन रोका दिया है।

तहसील मुख्यालय में तैनात 19 लेखपालों समेत चार राजस्व निरीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर लम्बित शिकायत के निस्तारण मामले में एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव व तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित दीक्षित को शिथिलता मिली है। इससे दोनों अधिकारियों ने न सिर्फ नाराजगी जताई, बल्कि उन पर बुधवार को प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई कर जून माह का वेतन रोके जाने का आदेश भी जारी किया है। इस कार्रवाई से राजस्व कर्मियों में हड़कंप मच गया है। इस बावत एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव व तहसीलदार से फोन कर जानकारी करने का प्रयास किया गया किन्तु कोई जवाब नहीं मिल सका। इसलिए मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

# जिले के युवक की हिसार में संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार।** हरियाणा प्रांत के हिसार में भट्ठे पर काम कर रहे श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए गुरुबक्शगंज पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के मिश्रखेड़ा मजरे गौरी सतांव गाँव निवासी रामजीवन ने तहरीर देकर बताया कि उनका भतीजा सुशील कुमार (20) पुत्र श्यामलाल छह माह पूर्व गाँव के ही भट्ठा मिस्त्री रामस्वरूप पुत्र भोलई के साथ हिसार (हरियाणा) के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गया था। 4 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने सुशील गांव आया और 6 मई को वापस हिसार चला गया। 26 मई को रामस्वरूप ने अपनी पत्नी को सुशील के घर भेजा कि वह गांव वापस तो नहीं आया।


सुशील की फाइल फोटो।

इसके बाद 2 जून को हिसार के ईंट भट्ठे से कुछ दूर एक युवक का शव नाले में पड़ा मिला। शव की पहचान सुशील के रूप में हुई। खबर मिलते ही परिजन 3 जून को हिसार पहुँचे और सुशील के शव को लेकर 4 जून को गांव पहुंचे। भट्ठा मिस्त्री रामस्वरूप के अलावा गांव के ही कल्लू पुत्र सुखराम और उसकी पत्नी नीसा भी वहीं भट्ठे पर काम कर रही थी। मृतक सुशील के पिता श्यामलाल ने सुशील की हत्या कर शव को जलाकर नाले में फेंकने का आरोप लगाया है। बुधवार को जब सुशील का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस से विधिक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### दी तहरीर

▶▶ परिजनों ने हत्या कर शव नाले में फेंकने का लगाया आरोप

## किसान हत्याकांड — मौके पर मिले आलाकत्ल फावड़े पर फिंगर प्रिंट की हुई जांच

# हत्या में पुलिस को करीबी का हाथ होने का शक

फॉलोअप

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली


पोस्टमार्टम के बाद गांव शव पहुंचने से लगी लोगों की भीड़, मौजूद पुलिस।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कपूरपुर गांव के पास स्थित नलकूप पर हुई किसान की हत्या की गुत्थी दूसरे दिन भी नही सुलझ सकी। जांच कर रही पुलिस टीम अभी भी हत्यारे तक नही पहुंच सकी। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में जिस तरह से किसान के ऊपर पीछे से फावड़े से वार किया गया है उस हिसाब से शक की सुई किसी करीबी की तरफ ही घूम रही है। पुलिस के अनुसार वारदात में ट्यूबवेल पर बरामद आलाकत्ल फावड़े के फिंगर प्रिंट की भी जांच कराई जा रही है।

दूसरे दिन बुधवार दोपहर करीब दो बजे पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक किसान तेज बहादुर का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव के ही शिवशंकर, सत्यनाम व व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, संत कुमार आदि लोगों का कहना था कि तेज बहादुर सरल व ईमानदार था। उसका कभी किसी से कोई विवाद भी नही रहा। तेज बहादुर की हत्या के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना को किसने अंजाम दिया इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। वहीं कोतवाली पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। मृतक तेज बहादुर चार भाइयों में सबसे बड़ा है। तेज बहादुर की हत्या की सूचना पर हजारों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उसकी हत्या के बाद लोगों में खासा आक्रोश है। मृतक तेज़ बहादुर वर्मा की पत्नी रीता देवी हलोर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र हैं। इस समय उनकी ड्यूटी कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय हलोर में समर कैंप के लिए लगाई गई है। मंगलवार को रीता देवी सुबह स्कूल गई थी। वहां से वापस आने के एक घंटे बाद जैसे उन्हें ही पता चला कि उनके पति की फावड़े से हत्या कर दी गई तो वह बेहोश हो गई। परिजन किसी तरह उसे होश में लाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र पाल ने हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी व बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाने का आश्वासन दिया। वही तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने भी मृतक की पत्नी व बच्चों को ढांढस बंधाया।

### जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक

मृतक किसान के परिवार के प्रति शोक-संवेदना करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों में वर्तमान सपा विधायक श्यामसुंदर भारती, लक्ष्मीकांत रावत, जिला पंचायत सदस्य विक्रांत अकेला, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद अवस्थी, सुरेंद शर्मा, राजेश पाण्डेय, संतोष द्विवेदी, अनुदेशक पवन कुमार, राम शंकर आदि शामिल रहे।

# नेत्रहीन युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर चलती ट्रेन से गिरने से एक नेत्रहीन युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित जैन के रूप में हुई है। वह लखनऊ के पीर बुखारा चौक का रहने वाला था। अमित के पास से मिले आधार कार्ड से यह जानकारी मिली। जीआरपी पुलिस इस आधार पर उसके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। लोगों के अनुसार, अमित नेत्रहीन था। वह ट्रेनों में खाने-पीने की चीजें बेचकर जीवन यापन करता था। जीआरपी सब इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## सार-संक्षेप

### सीडीओ ने उत्तीर्ण बंदियों को प्रमाण पत्र किए वितरित


जिला कारागार में बंदी को प्रमाणपत्र देते सीडीओ अर्पित उपाध्याय।

**रायबरेली, अमृत विचार।** बंदियों को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ने की जिला कारागार पहल का अब लाभ मिलने लगा है। संस्था रूद्रान्जल फाउन्डेशन के द्वारा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के उपरान्त उत्तीर्ण बंदियों को मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी बन्दियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जेल से बाहर निकलने के उपरान्त सीखे हुए कौशल से अपना जीवन यापन कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। कहा कि यह बहुत ही अच्छा प्रयास है। इसका लाभ बंदियों को उठाना चाहिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमान्शू रौतेला, जिला कौशल प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह एवं धर्मेन्द्र मिश्रा तथा प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के कोऑर्डिनेटर बालेन्द्र सिंह एवं अन्य जिला कारागार के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुन गदगद हुए श्रोता

**रायबरेली, अमृत विचार।** आस्तिक देव मंदिर में तीसरे दिन भी संगीतमय श्रीराम कथा सुनाई गई। कथा में कथा व्यास श्रीकृष्ण कुमार शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीराम के जन्म की कहानी मनु और सतरूपा का तप उनको भगवान विष्णु ने आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही कहा कि महाराज मनु और सतरूपा आप जाकर अवध में निवास करें कुछ समय बाद मैं आपको पुत्र स्वरूप में प्राप्त होउंगा। प्रभु के वाक्य सुनकर महाराज मनु और सतरूपा भगवान के चरणों में लिपट कर भगवान को धन्यवाद देते हैं। महाराज दशरथ के पुत्र न होने के कारण गुरुदेव भगवान के आश्रम पहुंचे और उनसे याचना की। गुरुदेव भगवान ने आशीर्वाद दिया, धारहू धीर होईहय सुत चारी, ऋंगी ऋषि आए उन्होंने पुत्रेष्ठ यज्ञ कराया, जिससे अग्नि देवता प्रसन्न हुए और हाथ में खीर का पात्र लेकर राजा दशरथ को प्रदान किया। रामजी के जन्मोत्सव की कथा सुनकर सभी श्रोतागण भाव विभोर हो गए। भगवान का जन्मोत्सव आनंदपूर्वक मनाया गया। उपस्थित जनमानस समूह आनंदपूर्वक भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया

### समर कैंप में हुनरमंद बन रहीं छात्राएं


समर कैंप में खाना बनाने के दौरान साफ-सफाई के बारे में सीखती छात्राएं।

**रायबरेली, अमृत विचार।** सतांव ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शंकरगंज में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित समर कैंप में बच्चों को विविध विधाओं से परिचित करवाया और सिखाया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता सिंह ने बताया कि अभी तक बच्चों ने योग, एरोबिक्स, क्ले मॉडलिंग, पेपर क्राफ्टिंग, मिरर वर्क, ब्लॉक पेंटिंग, टाई एंड डाई, फ्लेम लेस कुकिंग के अंतर्गत केक और पुडिंग, पोहा इंस्टेंट दही बड़े इत्यादि बनाना सीखा। इसके अलावा बच्चों को साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, पर्यावरण सुरक्षा,कचरा प्रबंधन इत्यादि पर विद्यालय की अनुदेशकों बंदना और सविता देवी द्वारा जागरूक किया गया।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नेवाजखेड़ा मजरे पडेरा में उस समय अफरा तफरी माहौल मच गई, जब एक महिला करंट की चपेट में आ गई। परिजन महिला को लेकर आनन फानन नजदीकी सीएचसी हरचंदपुर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के नेवाजखेड़ा मुजरे पडेरा गांव की श्रीमती पत्नी बृजेश कुमार (45) घर पर काम कर रही थी। तभी सुबह आठ बजे महिला मोटर चलाने के लिए उठी और बिजली की चपेट में आ गई। जिससे वह वहीं पर गिर पड़ी। परिजन श्रीमती को लेकर नजदीकी सीएचसी अस्पताल पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर मलय श्रीवास्तव ने बताया कि एक महिला को लाया गया था, जिसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। अस्पताल आने पर उसे परिक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया गया है। परिजनों ने बताया था कि महिला करंट की चपेट में आई थी।

### समारोह में पीएचडी धारक सम्मानित

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत बछरावां के सभागार में पीएचडी धारकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने कहा कि यह बछरावां नगर पंचायत के लिए गौरव की बात है कि नगर पंचायत बछरावां के प्रतिभावान शिक्षकों द्वारा शिक्षा की सर्वोच्च उपाधि प्राप्त किया गया है यह एक गौरव का क्षण है। इससे क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिशासी अधिकारी बछरावां राम आशीष वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है। समारोह में पीएचडी धारको में डॉ. राम सजीवन चौधरी, डॉ. अजय कुमार, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. इंदु कुमार तिवारी, डॉ. पल्लवी यादव, डॉ. सलोनी कुशवाहा, डॉ. अंजली वर्मा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार वर्मा, ज्ञान सिंह, प्रतिनिधि रामकुमार, नदीम मोबाइल, मनोज कुमार, केतेंद्र, सर्वेश कुमार उर्फ मंशू, भिखारी लाल, बंसीलाल, शाह आलम सौरभ मौजूद रहे।

### नाइट ब्लड सर्वे में फाइलेरिया रोगियों के लिए गए सैंपल


रात में फाइलेरिया की जांच करती सीएचसी की टीम।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे कर रात में लोगों का सैंपल लिया जा रहा है। जांच में पाजिटिव पाए गए मरीजों का स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निशुल्क इलाज किया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया का परजीवी रात में अधिक सक्रिय रहता है। इसी के मद्देनजर विभाग दो से सात जून तक क्षेत्र के गांवों में रात में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम चला रहा है। नाइट ब्लड सर्वे के लिए क्षेत्र के मोन व सलेथू गांव में दो-दो सौ रक्त नमूना लेने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए टीमें रात में 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का रात 10 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक लोगों का सैंपल ले रही हैं। फाइलेरिया की जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद मरीजों का इलाज विभाग की तरफ से मुफ्त किया जाएगा। मरीज को पहले साल में चार बार दवा खिलाई जाएगी। जबकि दूसरे साल में तीन बार तथा तीसरे साल में दो बार दवाई खिलाई जानी है। अधीक्षक ने बताया कि मोन गांव में सोमवार व मंगलवार को नाइट ब्लड सर्वे के तहत 185 लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया है। नाइट ब्लड सर्वे में एलटी विवेक, अनुपम व छोटे लाल तथा बीएचडब्ल्यू सतेंद्र तथा कमल श्री वास्तव, शिवाकांत की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही आशा, आशा संगिनी, ग्राम प्रधान व कोटेदार व अन्य क्षेत्रीय लोग सहयोग कर रहे हैं।

### रेलकोच में चोरी की वारदातों पर पुलिस सतर्क

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने रेल कोच में हो रही चोरी की घटनाओं के मद्देनजर आवासीय परिसर में पुलिस चौकी बनाए जाने के लिए एक प्रस्ताव रेल कोच प्रशासन को भेजा है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि चोरी की घटनाओं के बाद लगातार रेलकोच प्रशासन से आवासीय परिसर में पुलिस चौकी खोले जाने के बाबत अग्रिम कार्यवाही की मांग की जा रही है, लेकिन रेल कोच प्रशासन ने आज तक पुलिस चौकी स्थापित किए जाने के बाबत कोई निर्णय नहीं लिया है। पुलिस चौकी ना होने के चलते सिविल पुलिस को रेल कोच में चेकिंग गश्त आदि करने में दिक्कतें होती हैं। वास्तव में पुलिस का कहना है कि अगर वहां पर पुलिस चौकी स्थापित हो जाए तो रेल कोच में चोरी की घटनाओं को रोका जा सकता है। अब देखना यह है कि इस बार रेल कोच प्रशासन सिविल पुलिस को भवन उपलब्ध कराता है या फिर टालमटोल कर चौकी स्थापना की कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल देता है। वही शनिवार की रात रेल कोच में आठ घरों में हुई चोरी की घटनाओं का मौका मुआयना पुलिस की फोरेंसिक टीम ने भी किया है। फॉरेंसिक टीम ने मौका ए वारदात से जरूरी साक्ष्य सबूत इकट्ठा किया है।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति ॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात्न दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।



आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है।

**-फेसबुक वॉल से**

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### किशोर ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** किशोर ने घर के अंदर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा निवासी इंद्रपाल के 16 वर्षीय पुत्र अर्जुन मंगलवार को घर में अकेले था,उसी बीच उसने ज़हर खा लिया,हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पिता इंद्रपाल ने बताया कि उसके तीन बेटों में अर्जुन सबसे छोटा था। आत्महत्या के पीछे की वजह परिजनों को भी नहीं पता। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसका कहना है कि आत्महत्या के बारे में सिरे से जांच की जा रही है।

### खेत पर पहुंचे किसान की सांप के काटने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर किसानी कर रहे किसां को सांप ने काट लिया,इसका पता होते ही उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली देहात के अंटवा निवासी 40 वर्षीय सुरेश की शादी नहीं हुई थी,वह गांव के विमलेश का खेत बंटाई करता था। बुधवार दोपहर वह खेत पर गया था, उसी दौरान वहा पर उसे सांप ने काट लिया। मेडिकल कालेज पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** बालामऊ रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह रेलवे लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जीआरपी चौकी इंचार्ज सोनवीर ने घटना की पुष्टि की। महिला की उम्र करीब 60 वर्ष रही होगी। महिला ने ऑरेंज रंग का ब्लाउज और लाल रंग की साड़ी पहन रखी थी। देर शाम तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी।

### दवा लेकर जा रहे राहगीर की वाहन की टक्कर से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दवा खरीद कर घर जा रहे अधेड़ की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। टड़ियावां थाने के टेनी गांव निवासी राजेश (50) मंगलवार की शाम दवा लेने के लिए टड़ियावां गया था। लौटते समय हरैय्या पुल के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। सीएचसी में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# तेज हवा के साथ आसमान से राहत की बारिश

**हरदोई, अमृत विचार।** कई दिनों ने तेज धूप की मार झेल रहे जिलेवासियों को बुधवार को राहत महसूस हुई। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली तेज हवा ने कई जगह पेड़ व बिजली के खंभे गिरा दिया। 10 मिमी से अधिक हुई वर्षा ने मौसम को सुहावना कर दिया। अधिकांश समय बादल छाए रहने से लोगों को तेज धूप से निजात मिली।

बुधवार की सुबह से ही बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। दोपहर आते-आते के साथ तेज आंधी के साथ बारिश भी आ गई। मौसम विभाग ने 10.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की। तेज आंधी से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ टूटने से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई। कई जगह सड़कों पर पेड़ गिर जाने से यातायात भी प्रभावित रहा।




बारिश के बीच भीगते हुए जाते राहगीर व आंधी में गिरा पेड़। अमृत विचार

टड़ियावां संवाददाता के अनुसार सीतापुर स्टेट हाईवे पर गौरा डांडा के पास पेड़ों के टूट कर गिर जाने से यातायात व्यवस्था बाधित रही। पौने घंटे रुक रुक कर हुई बारिश से धान की पौध की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया, वहीं गन्ना किसानों को चेहरे पर खुशी जाहिर होते दिखी। वहीं बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 4 जून | 34.0 | 23.0 |
| 3 जून | 34.0 | 22.0 |
| 2 जून | 37.0 | 28.0 |
| 1 जून | 39.0 | 28.0 |

नोट– तापमान (डिग्री सेल्शियस में)

# कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र स्थित हथौड़ा गांव में भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है। बुधवार को गांव के गंगा सागर सरोवर से सैकड़ों महिलाओं ने कलश भरकर भागवत कथा स्थल तक पहुंचाएं।कलश यात्रा की शुरुआत बरम बाबा देवस्थान से हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने गंगा सागर सरोवर से जल भरा और चार किलोमीटर पैदल चलकर भागवत स्थल पर कलश स्थापित किए।भागवत कथा का आयोजन ग्राम प्रधान हेम लता के पुत्र दीपक यादव और पूर्व प्रधान स्वर्गीय शेर बहादुर सिंह के पुत्र कोमल सिंह व सूरज सिंह की ओर से किया गया है। कथा सात दिन तक चलेगी। पंडित राम लाखन तिवारी और उनकी शिष्या कृष्ण प्रिया राम किशोरी कथा का वाचन करेंगे। कलश यात्रा में अरविंद सिंह, सोनू यादव, नरेंद्र यादव, मां सिंह और आशीष प्रजापति समेत सैकड़ों पुरुष और महिलाएं शामिल हुए।



कलश यात्रा में पोथी ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कथा में सुनाया कंस वध का प्रसंग

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकुलर रोड स्थित विद्या देवी उमावि में बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पं. जनार्दन मिश्र ने भगवत प्रेमियों को कंस वध की कथा सुनाई। कथा व्यास ने मथुरा, वृंदावन व गोकुल में श्रीकृष्ण की लीलाओं का भी विस्तार से वर्णन किया। जिसमें यजमान सुभाष चंद्र मिश्र सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे।

# सौदा बेच रही वृद्धा को मारी गोली, मौत

## दिनदहाड़े हुई वारदात से लोगों में आक्रोश, मार्ग जाम कर किया हंगामा

संवाददाता, हरदोई/मल्लावां

**अमृत विचार।** बाजार में दुकान लगाकर सौदा बेच रही वृद्ध महिला से अचानक वहां पहुंचा युवक विवाद करने लगा। युवक के हाथ में तमंचा देख वृद्ध महिला सहम गई और बचाव के लिए वह पास के एक घर में घुस गई। युवक भी पीछा करते हुए घर में घुस गया और गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने मार्ग जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया। देर शाम पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के पीछे जादू-टोना करने का मामला सामने आया है।

मल्लावां कोतवाली के मक्कू पुरवा की रामश्री (60) पत्नी सूरजबली गांवों में लगने वाली बाजरों में दुकान लगाकर सौदा बेचती थी। बुधवार को वह इसरपुर बाजार में सौदा बेच रही थी। उसी बीच आरोपी पंचम सिंह हाथ में तमंचा लेकर पहुंचा और रामश्री पर जादू-टोना कर परेशान करने का अरोप लगाते हुए विवाद करने लगा। पंचम सिंह के हाथ में तमंचा देख वृद्धा डरकर मौके से जाने लगी। इस पर पंचम सिंह ने उसका पीछा किया। रामश्री वहीं पास के एक मकान में घुस गई, आरोपी युवक भी मकान में घुस गया और गोली मारकर वहीं हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई वारदात का पता चलते ही भीड़ जुट गई और पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बिलग्राम-कन्नौज रोड पर जाम लगा दिया। इसका पता होते ही पुलिस और सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि रामश्री व अन्य उस पर जादूटोना कर परेशान कर रहे थे, जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। काफी उपचार के बाद भी वह परेशान रहता था, जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया।



जाम लगाए लोगों को समझाते सीओ रविप्रकाश सिंह। अमृत विचार



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी पंचम सिंह।

### पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

रामश्री की हत्या से गुस्साए लोगों का आरोप था कि पंचम सिंह की गुंडागर्दी की तमाम शिकायतें पुलिस से की जाती रहीं, लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया, अगर पुलिस अनदेखी न करती तो शायद रामश्री की हत्या जैसी वारदात को होने से रोका जा सकता था।

### भाइयों के साथ मिलकर की थी प्रधान की हत्या

रामश्री की हत्या करने का आरोपी पंचम सिंह पूर्व में प्रधान रामपाल सिंह की हत्या को अंजाम दे चुका है। जानकारी के अनुसार उसने अपने भाई सत्यपाल सिंह व रामपाल सिंह के साथ मिलकर तत्कालीन प्रधान की हत्या की थी। जिसमें तीनों भाई सज़ा काट चुके है।

# जनसुनवाई में पहुंचे 9 बुजुर्गों के डीएम ने मौके पर ही बनवाए आयुष्मान कार्ड

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र लोगों की पेंशन बनवाने की तत्काल कार्रवाई शुरू कराई। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाया। बुधवार को नौ बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए।

जिलाधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद अब तक जन सुनवाई में कुल 40 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। भूमि पर अवैध कब्जो के मामले में उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई की जाये। पैमाइश के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। अंश निर्धारण व नामांतरण के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। एक दिव्यांग अखिलेश ने बताया कि करीब डढ़ वर्ष से उसको दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है उसकी पत्नी भी दिव्यांग है तथा दो बच्चे हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल पेंशन शुरू करवाने के सम्बन्ध में दिव्यांगजन कल्याण विभाग को पेंशन शुरू करवाने के निर्देश दिए। आय प्रमाणपत्र न होने पर तुरंत आय प्रमाणपत्र हेतु आवेदन कराया। प्रोबेशन विभाग से उन्होंने दोनों बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करने को कहा।



जिलाधिकारी को जानकारी देते ट्रस्ट के सदस्य अविनाश गुप्ता। अमृत विचार

### डीएम ने किया गांधी भवन का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बुधवार को गांधी भवन सभागार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में बुकिंग हेतु दो रसोई कक्षों का निर्माण कराया जाये। परिसर में पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाये। दोपहिया व चार पहिया वाहनों के लिये अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाये। कहा कि परिसर में गांधी हाट का विकास किया जाये ताकि ट्रस्ट की आय बढ़े। पुनर्निमाण को वंदन योजना के अंतर्गत लिया जाये। हॉल के पुनर्निमाण का कार्य जल्द पूरा कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व ट्रस्ट के सदस्य अविनाश गुप्ता, हरगोविंद सेठी आदि मौजूद रहे।

# 20 वर्ष पहले गांव में लगे थे विद्युत पोल आज तक न तार खिंचे न बिजली मिली

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** हर घर बिजली पहुंचाने का सरकारी दावा कोरा साबित हो रहा है। सुरसा ब्लॉक का सुगवां के गांव शिवबक्शपुरवा देश को आजादी मिलने के इतने वर्षों बाद तक अंधेरे में है। तकरीबन 20 साल पहले वहां राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिजली के पोल लगाए गए थे, लेकिन आज तक सिर्फ पोल ही खड़े हैं, उनमें तार नहीं खींचे गए। बुधवार को कलेक्ट्रेट पहंचे हिंदू जागरण मंच ने वहां विद्युतीकरण कराने की मांग की है।

जिले के वीआईपी ब्लॉक में शुमार सुरसा की ग्राम पंचायत सुगवां के मजरा शिवबक्शपुरवा के लोग 70 सालों से अंधेरे में रह रहें है। बुधवार को हिंदू जागरण मंच कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने डीएम से विद्युतीकरण की मांग की है। बताया कि गांव में 20 साल पहले योजना के तहत पोल लगाए गए थे, लेकिन अधिकारियों व उपेक्षा व मनमानी के चलते आज तक न तार खींचे गए और नहीं विद्युत सप्लाई पहुंची। केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद लोगों में उम्मीद जगी थी कि अब विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। लेकिन यह उम्मीद भी बुझती नजर आ रही है। बुधवार को वहां के सौरभ कुमार, हरिकरण, रामचंद्र, रुक्मणी, शशि व मायादेवी सहित तमाम ग्रामीण बारिश के बीच कलेक्ट्रेट पहुंचे। हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष प्रांजल शुक्ला ने शासन से विद्युतीकरण कराए जाने की जोरदार मांग की है।



कलेक्ट्रेट में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

**उपेक्षा**

- आजादी के इतने वर्षों बाद भी सुरसा ब्लॉक के शिवबक्शपुरवा में नहीं पहुंची विद्युत सप्लाई
- कलेक्ट्रेट पहुंचे हिंदू जागरण मंच ने बिजली के लिए उठाई आवाज



गांव में बिना तार के खड़े विद्युत पोल।



### प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने का दिया संदेश

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हर घर को जागरुक करने के लिए प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के अभियान को पंख दिए गए। बावन ब्लाक की ग्राम पंचायत तत्यौरा में पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्लास्टिक से दूर रहने का संदेश दिया गया। ग्राम पंचायत सचिव मानवेंद्र शुक्ला और प्रधान मुनीर के नेतृत्व में घर-घर पहुंची ग्रामीणों की टोली ने पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए उसके संरक्षण का संदेश देते हुए प्लास्टिक मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया। कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए बहुत घातक है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह, ब्लॉक बीसी विदुर के अलावा तमाम ग्रामीण शामिल हुए।

### मां गोवर्धनी मंदिर से पांचवीं बार घंटे हो गए चोरी

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** टिकारी गांव स्थित मां गोवर्धनी मंदिर में पांचवीं बार घंटे चोरी हो गए। स्थानीय निवासी राम बहादुर सिंह ने कोतवाली कछौना में शिकायत दर्ज कराई है। पिछली चार चोरियों के मामले अभी तक अनसुलझे हैं। भक्तों का कहना है कि लगातार मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है। यह पुलिस की उदासीनता का ही नतीजा है। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बर्ड फ्लू को लेकर पिहानी में अलर्ट, दुकानों की होगी जांच

**हरदोई, अमृत विचार।** गोरखपुर में चिकन की दुकानों पर जांच में बर्ड फ्लू मिलने के बाद जिले में प्रशासन अलर्ट हो गया है। ईओ पिहानी अमित कुमार सिंह ने पशु पालन महकमें को सतर्क रहने को कहा है। साथ ही मानको को दरकिनार कर खुलीं चिकन की दुकानों को नोटिस जारी कर बंद कराने का निर्देश दिया है। गोरखपुर के चिड़ियाघर के जानवरों में बर्ड फ्लू का वायरस मिलन व सैंपल पाज़िटिव आया है। जिसके बाद पिहानी कस्बे में सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए पशु पालन महकमे की टीम गठित की गई है। उसके अलावा हरदोई, शाहजहांपुरी, लखीमपुर, सीतापुर व अन्य ज़िलों से जोड़ने वाली सड़क पर भी नजर है। आबादी के बीच बने ऐग व पोल्ट्री फार्म संचालकों को सफाई के लिए निर्देश दिया गया है। इसके लिए ब्लाक स्तरीय पशु पालन महकमें के कर्मचारी भी सहयोग करेंगे। बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद कस्बे के चिकन और चिकन बिरयानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ कम देखी गई। करावां तिराहा के एक दुकानदार ने बताया कि ग्राहकों में गिरावट आई है। इधर पशु पालन महकमें के डाक्टर पोल्ट्री फार्म की जांच करेंगे, निगरानी करेंगे। लक्षण मिलने पर जांच करने के साथ ही इलाज करेंगे।











# परियर गांव में डेढ़ साल से पेयजल को तरस रहे लोग

## साइकिल, बाइक, टेंपो और ठेलिया के सहारे दूसरे गावों से पीने का पानी लाने को मजबूर हैं ग्रामीण

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर गांव में पीने के पानी की समस्या विगत 18 माह से बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारी व जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की किंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पेयजल सप्लाई मार्च 26 तक चालू होगी। सीडब्लूआर टैंक बनाने वाले ठेकेदार ने बताया कि इसी टैंक से छानकर पानी टंकी में जाएगा। जिसका काम अभी 50 प्रतिशत ही हो पाया है।

बता दें कि परियर गांव के अधिकांश भू-भाग का पानी इतना खारा है कि जानवर भी इसे नहीं पीते हैं। इससे दाल तक नहीं पकती है। गांव में एकमात्र पेयजल का साधन पानी की टंकी थी। जो जरूरत को देखते हुए वर्ष-1990 में बनी थी। जिससे बीते 18 माह तक पानी सप्लाई हो रही थी। किंतु हर घर जल योजना के तहत नई पाइप लाइन डालने से पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पेयजल सप्लाई ठप हो गई थी। अब गावों के लोग मजबूरन पीने का पानी गांव से एक किलोमीटर दूर या दूसरे गांव से साइकिल, बाइक, टेंपो व ठेलियों आदि साधनों से ला रहे हैं। राकेश, मनोज, बेचेलाल, अशोक, राजू, दिनेश, रामसागर, गोपाल, बब्लू, अलोक, प्रदीप, दिलीप, मिथलेश आदि ने बताया कि गांव में जल निगम के कार्य को देख कर लगता है कि अगले वर्ष तक भी पानी की सप्लाई नहीं मिल पाएगी।



ठेले से दूसरे गांव से पीने का पानी लेकर जाता युवक। अमृत विचार



दूसरे गांव में हैंडपंप से पानी भरता युवक।

# पालिका ने घाटों की कराई साफ-सफाई

**गंगा दशहरा स्नान आज**

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर नगर सहित दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के गंगा स्नान को ध्यान में रखते हुए पालिका प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। बुधवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर घाटों की विशेष सफाई कराई गई। बालूघाट, नमामि गंगे घाट, गंगा विशुन घाट, शिव घाट और मोनू घाट सहित नगर के सभी प्रमुख घाटों को चमाचम किया गया। वहीं साफ सफाई के दौरान ईओ और एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला मौजूद रहे। जहां उनकी मौजूदगी में साफ सफाई कराई गई।

गंगा दशहरा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारी पीके मिश्रा की निगरानी में मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक पुलिस बल तैनात किया गया है। गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए पांच नावों के साथ नाविकों और दस गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। घाटों पर बैरिकेडिंग कराई गई है ताकि स्नान के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। पालिका ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा है। सभी घाटों पर चेंजिंग रूम, शुद्ध पेयजल के टैंकर, मोबाइल टॉयलेट और अलाव की व्यवस्था की गई है। सुबह से ही सफाईकर्मी घाटों की सफाई में लगे रहे और चूना छिड़काव किया गया। ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए पालिका पूरी तरह तत्पर है। नगर व आसपास से हजारों लोगों के आने की संभावना है।



घाटों की साफ-सफाई करते पालिका के कर्मचारी। अमृत विचार

### गंगा दशहरा पर चंदन घाट पर स्नान पर प्रतिबंध

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जाजमऊ चंदन घाट पर उमड़ती है, लेकिन इस बार प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए घाट पर स्नान पर प्रतिबंध लगा दिया है। बीते कुछ दिनों से चंदन घाट पर तेज कटान हो रही है, जिससे वहां स्नान करना खतरनाक हो सकता है। मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली प्रभारी ने घाट का निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी को दी। गुरुवार को गंगा दशहरा स्नान के चलते संभावित भीड़ को देखते हुए एसडीएम ने घाट पर स्नान पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। इंस्पेक्टर पी.के. मिश्रा ने बताया कि घाट पर पुलिस बल तैनात रहेगा, जो श्रद्धालुओं को स्नान करने से रोकेगा। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित घाटों पर ही स्नान करने की अपील की है।

### रऊकरना गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद चले लाठी डंडे, 19 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के रऊकरना गांव निवासी सुरेंद्र तिवारी पुत्र मुन्नीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके दरवाजे हैंडपंप लगा है। पड़ोसी रमेश तिवारी व उनके भाई ज्ञानेंद्र ने कूड़ा डालकर नाली को बंद कर दिया। जिसका विरोध करने पर 28 मई की शाम रमेश व उसके भाई ज्ञानेंद्र ने मारपीट की। बचाने में आई उसकी पत्नी माया, बेटे हर्षित और वैभव को भी घायल कर दिया। पुलिस ने रमेश तिवारी, ज्ञानेंद्र, सत्येंद्र, सतीश, शिवांश, किरन और जानकी पर रिपोर्ट दर्ज की। वहीं दूसरे पक्ष से सचींद्र पुत्र रमेश तिवारी ने बताया कि उसी दिन खडंजे पर भरे पानी को लेकर सुरेंद्र गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर सुरेंद्र ने अपने बेटे हर्षित, वैभव, शिवम सहित परिवार के आयुष, आदर्श, विनोद, माया, बुद्धी, पायल, मीरा और रीतू के साथ मिल लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में उसके पत्नी किरन, पिता रमेश और ज्ञानेंद्र घायल हो गए। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से 19 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### छेड़छाड़ के मामले में दो को 3-3 साल की सजा

**उन्नावः** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 सितंबर-2017 की रात करीब 12 बजे उसकी 13 वर्षीय बेटी घर के आंगन में सो रही थी। तभी क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव निवासी शिवकुमार व लवानी गांव निवासी चंद्रपाल दीवार फांदकर घर में दाखिल हुये और बेटी को बुरी नीयत से दबोच कर छेड़छाड़ करने लगे थे। बेटी के शोर मचाने पर परिजन व ग्रामीणों को आता देख दोनों मौके से भाग गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को जेल भेजा था। आईओ धर्मेंद्र सिंह ने साक्ष्य एकत्र कर 10 नवंबर-2017 चार्जशीट पेश की थी। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने शिवकुमार व चंद्रपाल को 3-3 साल की सजा सुनाई है।

# घर के बाहर जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** घर के बाहर बैठी महिला को जहरीले कीड़े काट लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

बिहार थानाक्षेत्र के चैनपुर गांव के मजरा चोटिया निवासी गोपीलाल की 50 वर्षीय पत्नी रामरती बुधवार सुबह 11 बजे घर के बाहर लगे ईंट के चट्टे के पास कुछ काम कर रही थी। तभी उसके दाहिने हाथ में जहरीले कीड़े ने काट लिया। चीखने पर परिजन व आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह उसके हाथ में लिपटे कीड़े को अलग लिया। लेकिन तब तक महिला की हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई। परिजन उसे सुमेरपुर पीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू हुआ। लेकिन उसकी हालत अधिक बिगड़ गई। ईएमओ डॉ. आशीष सक्सेना ने जांच के बाद उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन इस बीच उसकी सांसे थम गई। डॉक्टर ने फिर से जांच की और उसे मृत बता दिया। यह सुनते ही साथ आया पति फफक पड़ा। वहीं बेटा लवकुश, बेटी सीता व छोटी भी बेहाल हो गई। मां की मौत की खबर मिलते ही अहमदाबाद मजदूरी करने गया बड़ा बेटा पिंटू भी घर के लिए निकला है। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### तीन फीडरों की बिजली गुल, हजारों उपभोक्ता परेशान

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** बुधवार को शुक्लागंज में अंडरग्राउंड एचटी लाइन को शिफ्ट करने के कारण नगर के तीन फीडरों की बिजली आपूर्ति सुबह से लेकर देर शाम तक ठप रही। इससे करीब बीस हजार की आबादी गर्मी और पानी की भारी किल्लत से परेशान रही। बिजली कटौती के चलते लोगों को परेशान होना पड़ा। राज्यसेतु निगम द्वारा सरैयां आरओबी निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में मरहला चौराहे के पास पिलर नंबर 25 और 26 की पाइलिंग कार्य में बाधा बन रही विद्युत विभाग की भूमिगत एचटी केबल को हटाने का काम किया गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे लाइन शिफ्टिंग कार्य शुरू होते ही फीडर 2, 4 और 5 की आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके बाद कार्यदायी संस्था ने मरहला चौराहे पर नए एचटी पोल पर केबल लगाने का कार्य शुरू किया। इस कारण फीडरों से जुड़े दर्जनों मोहल्ले में रहने वाले हजारों लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे। शाम करीब 5 बजे फीडर 4 और 5 की आपूर्ति बहाल हो सकी, जबकि फीडर 2 की सप्लाई शाम करीब 6:30 बजे के बाद ही चालू की जा सकी। सुबह से शाम तक बिजली न आने पर गर्मी में लोग बेहाल हो गये। शाम को विद्युत आपूर्ति चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### बकरीद पर खुले में नहीं होगी कुर्बानीः एसडीएम

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** आगामी पर्व बकरीद (ईद-उल-अजहा) को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना गंगाघाट में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने की। इसमें कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा, पालिका ईओ मुकेश मिश्रा सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों व धर्मगुरुओं ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। साथ ही कुर्बानी खुले स्थानों पर न किए जाने, मस्जिदों के अंदर ही नमाज अदा करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि कस्बे में घूमने वाले सुअरों को पूर्व में ही उनके बाड़ों में बंद किया जाए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। प्रशासन ने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### डीसीए ब्ल्यू ने रेड को 18 रनों से दी करारी शिकस्त

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में शुरू हुई अंडर-12 जनपदीय क्रिकेट लीग मैच में डीसीए ब्ल्यू ने डीसीए रेड को 18 रनों से पराजित किया। डीसीए ब्ल्यू की ओर से चतुर्मुखी प्रदर्शन करने पर अविराट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आई डीसीए ब्ल्यू ने अविराट के 34 व हार्दिक के 15 रनों की मदद से 20 ओवरों में 4 विकेट पर 92 रन बनाए। डीसीए रेड के रुद्र, अर्थ व हार्दिक ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने आई डीसीए रेड के बल्लेबाज लगातार विकेट खोते चले गए और पूरी टीम 74 रन पर पवेलियन लौट गई। रेड की ओर से जिसमें अंश तिवारी ने 13 व युवराज 8 ही कुछ देर विकेट पर टिक सके। मैच के पूर्व जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, समाजसेवी आशीष वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की महिला संयोजिका मंजूलता अवस्थी ने अविराट को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, शाकिर हुसैन, राकेश अस्थाना, पीके मिश्रा ने आदि रहे।

### रस्मे दस्तारबंदी का किया गया आयोजन

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित मशहूर दरगाह आलिया कादरिया यासीनियां में उर्से कादरी यासीनी के मौके पर महफिले ईद मिलादुन्नबी में मदरसा कादरिया यासीनिया से फारिग होने वाले सात छात्रों की रस्में दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। इस मौके पर खानकाहों के सज्जादगान व मुल्क के अजीम उल्मा-ए-किराम मौजूद रहे। दरगाह के साहिबे सज्जादा सैय्यद अतहर कादरी मियां की सरपरस्ती और पीरजादा गयासुद्दीन कादरी उर्फ गौसी मियां व मौलाना अब्दुल मुबीन रिजवी की कयादत में आयोजित जलसे में कानपुर शहर काजी मुफ्ती युसूफ रजा ने अपने खिताब में कहा कि अगर आपकी निगाहें काबू में है तो आप काफी हद तक समाज में फैली बुराइयों से बच सकते हैं। कहा कि कुरान पाक में अल्लाह ताला ने फरमाया है कि अपनी निगाहें नीची रखो और शर्मगाहों की हिफाजत करो। मुफ्ती रजा के अलावा कई उलेमा इकराम ने भी खिताब किया। इसमें सफीपुर स्थित दरगाह के सज्जादानशी नवाजिश मोहम्मद फारुकी व बलरामपुर से शैखुल उलेमा मुफ्ती रहमतुल्लाह कादरी, रजा, फफूंद शरीफ से मौलाना सैय्यद नवाज अख्तर चिश्ती मियां, फकीहुल अस्र अल्लामा अब्दुल समद भदोही और मुफ्ती शेर मोहम्मद लखनवी ने शिरकत की। कुरआन पाक हिफ़्ज़ करने वाले खालिद, महफूज, फरहान, अब्दुल लतीफ, अब्दुल मुबीन, हारिस, जावेद की दस्तारबंदी की गई। प्रोग्राम की निजामत कलीम दानिश कानपुरी ने की। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद जीशान, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष इजहार खां गुड्डू, सपा नेता डॉ. मुन्ना अल्वी, सपा नेता इमरान सिद्दीकी, नियाज खान भोलू, फजलुर्रहमान, मो. जियाउल हक चिश्ती, ज़ुबैर खां, अब्दुल कादिर, हसीन अहमद, अकील खां, इरफान अहमद, हामिद अली रहे।

# संडीला की मुख्य रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से परेशान रहे लोग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ राजमार्ग से संडीला कस्बे को जाने वाला मार्ग दो घंटे तक बंद रहा है। राजमार्ग से संडीला कस्बे के मध्य पड़ने वाली मुख्य रेलवे क्रॉसिंग 247 पर हुए मरम्मत कार्य को लेकर रेलवे क्रॉसिंग को बंद किया गया था, जिसके चलते मार्ग के दोनों और काफी देर तक लंबा जाम लग रहा। वाहनों को अन्य वैकल्पिक मार्गों से होकर आवागमन करना पड़ा। ऐसे में संडीला कस्बे के लोगों को काफी असुविधा हुई। लगभग दो घंटे तक संडीला की मुख्य रेलवे क्रॉसिंग बंद रही। क्रॉसिंग के बंद होने से सबसे ज्यादा समस्या बस अड्डे जाने वाले यात्रियों को उठानी पड़ी। सामान के साथ बस अड्डे के लिए निकले लोग क्रॉसिंग बंद हो जाने से काफी देर तक जब जाम में फंसे रहे। बस अड्डे तक यात्रियों को पैदल ही जाना पड़ा। लखनऊ राज्य मार्ग और संडीला बस अड्डे से संडीला नगर को जोड़ने वाली मुख्य रेलवे क्रॉसिंग संख्या 247 पर सुबह 11 से लेकर दोपहर 1 तक डाउन ट्रैक की ओर रखरखाव और डाउन साइड के बूम को बदलने का कार्य किया गया था। इस दौरान 6 ट्रेनों की लगातार आवाजाही को देखते हुए रेल अधिकारियों ने स्लाइड बूम को लगा दिया था। स्लाइड बूम को लगाकर रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिया था।

रेल अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 1 बजे डाउन साइड बूम रिप्लेसमेंट का कार्य पूरा कर लिया गया था। 1:05 पर क्रॉसिंग को आवागमन के लिए सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। नगर वासियों को हुई असुविधा के लिए रेल अधिकारियों ने खेद व्यक्त किया। रेल अधिकारियों ने कहा कि नगर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस प्रकार के कार्य कराए जाते रहते हैं।




मुख्य रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से लगा जाम। अमृत विचार

### हरिद्वार-लखनऊ के बीच दो फेरों के लिए चलेगी अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन

**हरदोई, अमृत विचार।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। गर्मियों की छुट्टी में हरिद्वार, देहरादून, जम्मू, तवी, चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में रेल प्रशासन द्वारा लखनऊ हरिद्वार के मध्य आरक्षित कोच वाली समर स्पेशल ट्रेन संचालित होगी। अनारक्षित ट्रेन की समय सारणी जारी कर दी गई है। हरदोई से हरिद्वार जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को स्लीपर कोच में यात्रियों को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है जबकि एसी कोच में यात्रियों को लंबी वेटिंग का सामना एक महीने तक करना पड़ रहा है। हरिद्वार से पांच व छह जून को लखनऊ के लिए 04310 अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन चलाने के निर्देश जारी किए हैं यह ट्रेन हरिद्वार से रात 10:45 पर चलकर लक्सर नजीबाबाद धामपुर मुरादाबाद बरेली होते हुए लखनऊ जाएगी यह ट्रेन हरदोई स्टेशन पर अगले दिन सुबह 7 बजकर 14 मिनट पर पहुंचेगी। अप में 04309 लखनऊ हरिद्वार समर स्पेशल ट्रेन 6 व 7 जून को संचालित होगी। यह ट्रेन लखनऊ से सुबह 11:30 पर चलकर संडीला होते हुए हरदोई दोपहर 12:57 पर पहुंचेगी। यह ट्रेन रामपुर बरेली मुरादाबाद धामपुर लक्सर होते हुए हरिद्वार के बीच संचालित होगी। इस ट्रेन के सभी कोच अनारक्षित होंगे।

# मुठभेड़ में चार भैंस चोर दबोचे गए

संवाददाता, हरदोई



मुठभेड़ में घायल आरोपी सलमान व पकड़े गए उसके साथी। अमृत विचार

- **आरोपियों के पास से तीन लाख की नकदी, पिकअप, तमंचा, कारतूस आदि बरामद**
- **पकड़े गए तीन आरोपी लखनऊ के निवासी, जांच-पड़ताल जारी**

**अमृत विचार।** गांव-गांव घूम कर दिन में रेकी और रात में भैंस चोरी करने वाले चोरों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। जिसमें गोली लगने से एक चोर और एक हेड कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस ने 4 चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से तीन लाख की नकदी, एक पिकअप, तमंचे, कारतूस और चोरी की भैंस बरामद की है।

बताया गया कि मंगलवार की शाम अतरौली पुलिस को सूचना मिली कि पिकअप सवार कुछ लोग अतरौली थाने के औरापट्टी सुलिया से भैंस चोरी कर ले जा रहे हैं। अतरौली पुलिस ने नाकेबंदी कर दी। लालपुर मोड़ पर सण्डीला की तरफ से एक पिकअप आती दिखी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो पिकअप सवार लोग पुलिस टीम पर फॉयर करते हुए भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस की जवाब कार्रवाई में एक आरोपी अनीस निवासी गोसवा सण्डीला के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर गया। हेड कांस्टेबल पंकज द्विवेदी भी गोली से घायल हो गया। पुलिस टीम ने तीन और चोरों को पकड़ लिया। जिनमें जीशान निवासी सहजना निवाडी थाना माल लखनऊ, रईस निवासी फरीदीपुर थाना दुबग्गा लखनऊ और बब्लू पुत्र राशिद निवासी खड़सरा थाना मलिहाबाद लखनऊ शामिल हैं। उनके पास से पिकअप के अलावा चोरी की भैंस, तीन लाख रुपये, तीन तमंचे, पांच कारतूस और खोखे बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में ज़ख्मी हुए हेड कांस्टेबल पंकज और भैंस चोर अनीस को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में जिले के कई थाना क्षेत्रों में भैंस चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### घरेलू बंटवारे के झगड़े से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**हरदोई, अमृत विचार।** निजी कंपनी में नौकरी कर रहे युवक ने घरेलू बंटवारे के झगड़े में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली शहर के आज़ाद नगर निवासी अनुज कुमार (38) का उसके बड़े भाई के साथ संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। परेशान होकर अनुज की पत्नी आरती अपने दोनों बेटों को साथ लखनऊ अपने भाई सुधांशु के यहां चली गई थी। मंगलवार की रात अनुज ने कमरे में फांसी लगा ली, बुधवार की सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला।

### जनरेटर बंद करने गई युवती का दुपट्टा इंजन के व्हील में फंसा, मौत

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के निजी हास्पिटल पर कार्यरत युवती जनरेटर बंद करने गई थी। इसी दौरान उसका दुपट्टा इंजन में फंस गया, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। कस्बे के नवाबगंज निवासी 18 वर्षीय मुस्कान पुत्री रियासत यहां संचालित निजी डेंटल हॉस्पिटल में काम करती थी, बुधवार की दोपहर वह जनरेटर बंद कर रही थी, इसी बीच उसका दुपट्टा इंजन के व्हील में फंस गया।

### किशोरी को चार लोगों ने पीटा जान से मारने की धमकी

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के सड़ियापुर गांव में 17 वर्षीय किशोरी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता सतीश कुमार ने पुलिस से शिकायत की है। किशोरी के पिता ने गांव के ही अचल, आदर्श, रामबाबू और राजीव पर घर में घुसकर बेटी से गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

### ग्रामीण को पीटा

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के गुजरई गांव में एक व्यक्ति पर नशे में धुत तीन लोगों ने हमला किया। पीड़ित मुनेश्वर ने गांव निवासी आरोपी देवेंद्र, मुनेंद्र और प्रेमपाल उर्फ शेरु के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

**बैठक** | पिहानी थाना में आयोजित पीस कमेटी के बैठक में एसडीएम तान्या सिंह ने कहा

# भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** आने वाले बकरीद के त्योहार को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे नगर सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सभासद और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बुधवार को शाम 5 बजे पिहानी थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी के बैठक में एसडीएम तान्या सिंह ने कहा कि बकरीद का त्योहार मिलजुल कर आपसी सौहार्द से मनाएं। कुर्बानी को सभी लोग घर के अंदर करें। खुले में कुर्बानी न करें, जिससे माहौल खराब न हो। कुर्बानी वाले पशुओं के अवशेष खुले में मत फेंके, उन्हें एक गड्ढा खोदकर उसमें दफन कर दें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीओ हरियांवा संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने आसपास नजर रखें। त्योहार में किसी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बकरीद के लिए होने वाली नमाज के लिए मस्जिदों का निरीक्षण किया जा चुका है। सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर पाल, ईओ पिहानी सहित सभासद, मस्जिदों के इमाम और प्रधान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दरगाहों से भाईचारगी का मिलता है संदेश : काशिफ मियां

**गोपामऊ, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा की प्रसिद्ध दरगाह हज़रत मख़दूम अईज़उद्दीन सुर्ख लालपीर दादा मियां रह. का वार्षिक उर्स मेला रिवायती अंदाज में संपन्न हो गया। चार दिवसीय उर्स मेले के उर्स के पहले दिन बाद मगरिब के परंपरागत चरादानी की रस्म अदा की गई, अकीदतमंदों ने दरगाह परिसर को रोशन किया। रात में महफिले समा कव्वाली का आयोजन किया गया, जिसमें खैराबाद शरीफ के मशहूर कव्वाल फरीद ने कई सूफ़ियाना कलाम पेश कर महफिल को रूहानी बनाया। उर्स मेला में महाराष्ट्र, मुंबई, दिल्ली, लखनऊ सहित विभिन्न जिलों से हजारों जायरीनों ने शिरकत की और चादरपोशी, गुलपोशी व फातेहा ख्वानी कर मन्नते मुरादे मांगी। काशिफ मियां ने दरगाह में चादर पेश की कहा कि अल्लाह के वलियों के यहां किसी प्रकार का भेद भाव नही है दरगाहों से मिलता है भाईचारगी का संदेश मिलता है।

### पीएम व सीएम को अपशब्द कहने का आरोपी सपा नेता गिरफ्तार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द बोलने व नारेबाज़ी करने वाले सपा नेता कुलदीप यादव को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के सोने पुर निवासी कुलदीप यादव पुत्र राजेंद्र कुमार के खिलाफ सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपशब्द बोलने व नारेबाज़ी करते हुए वीडियो वायरल किया था, कुलदीप यादव के खिलाफ कोतवाली शहर में बीएनएस की धारा 352/353 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज करते हुए एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ उन्नाव।

पत्रांक: 842/ई-नि0सू0/2025-26 दिनांक:- 04/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ, उन्नाव में ई-टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरीय झील/तालाब पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ-उन्नाव सीमान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डर निविदा प्रतिशत दर पर आमत्रित की जाती है। निविदादाता 1 या 1 से अधिक निविदा डाल सकता है। कार्य का विवरण आनलाइन "http://etender.up.nic.in" पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नवत है:-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.06.2025 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड् की तिथि | 06.06.2025 समय 10:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 26.06.2025 समय 02:00 बजे तक |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 27.06.2025 समय 10:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ-उन्नाव। |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें व निविदा डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बांगरमऊ-उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बांगरमऊ-उन्नाव।**

## एक नजर

### गंगाघाट स्टेशन का पैनल फेल, आधे घंटे बाधित रहा रेल संचालन

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** बुधवार रात करीब सवा एक बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पैनल सिस्टम फेल हो गया, जिससे अप और डाउन लाइन की ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। सिग्नल फेल होने की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने एसएनटी को अवत कराया। जिस पर टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पौने दो बजे सिस्टम को ठीक किया जा सका। इस दौरान अप लाइन की अवध एक्सप्रेस और डाउन लाइन की दरभंगा एक्सप्रेस प्रभावित रही। सिग्नल न मिलने के कारण दोनों ट्रेनें गंगाघाट स्टेशन पर करीब 10 से 12 मिनट तक खड़ी रहीं। सिग्नल फेल होने से यात्रियों में असमंजस की स्थिति रही, हालांकि समय रहते तकनीकी टीम द्वारा समस्या का समाधान कर लिया गया।

### असलहे के साथ युवती का वीडियो वायरल, जांच जारी

**हसनगंज :** कोतवाली क्षेत्र के नवीनगर खेरवा गांव निवाशी खुशबू का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें युवती हाथ में असलहे लेकर उसका प्रदर्शन करते दिख रही है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर युवती की खोजबीन में जुटी हुई है। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि इसके पहले भी 25 अगस्त 2023 को युवती का वीडियो पिस्टल के साथ वायरल हुआ था। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि युवती का वीडियो असलहे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल है। पकड़े जाने के बाद ही पता चल सकेगा कि किसका असलहा है।

### पति ने गर्भवती पत्नी को पीटा, पुलिस से शिकायत

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफापुर में जमीन विवाद को लेकर एक गर्भवती महिला की उसके पति और ससुरालजनों ने पिटाई कर दी। पीड़िता अर्चना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी को 15 साल हो चुके हैं और वह छह माह की गर्भवती है। उसका पति रामवली पैतृक जमीन बेच रहा था, जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने पर पति के साथ जेठ दुलारे, नंद रामरति और सोनी ने गाली-गलौज की और मना करने पर लाठी-डंडों से पीटकर उसका सिर फोड़ दिया।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

## सफीपुर, हसनगंज व सदर कोतवाली क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, युवक को वाहन ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** अलग-अलग कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे सफीपुर, हसनगंज व सदर कोतवाली क्षेत्र में हुए। सूचना पर पहुंची संबंधित कोतवाली की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।




बरेली शहर के सुभाष नगर थानाक्षेत्र के मणिनाथ मोहल्ला की गली संख्या-10 निवासी रंजीत (35) पुत्र गेंदा लाल डीसीएम चालक था। इसी से वह परिवार की जीविका चलाता था। मंगलवार को वह कानपुर से सब्जी मसाले लोडकर बरेली जाने को पड़ोसी गांव के खलासी हरीश के साथ निकला था। तभी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर दरौली गांव मोड़ के पास डीसीएम खड़ी कर वह टायर में हवा चेक कर रहा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसे रौंदकर निकल गया। खलासी की सूचना पर पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर पिता व अन्य परिजनों के आने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पिता ने बताया कि उसके 6 बेटों में रंजीत चौथे नंबर पर था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हसनगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनी खेड़ा निवासी रंकज (19) पुत्र लालजीत अकबरपुर से सामान लेकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी स्कूल के सामने अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए रसूलपुर की ओर भाग गया। टक्कर से रंकज की मौके पर मौत हो गई। वह तीन भाई थे। जिसमें बड़ा भाई महेश व पंकज बड़े हैं। दो बहने हैं जिनकी शादी हो चुकी है। वह चंडीगढ़ में रहकर एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। तीन दिन पहले चंडीगढ़ से घर आया था। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। कोतवाल संदीप शुक्ल ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। जांच की जा रही है।

**सड़क हादसे में अधेड़ की गई जान, उन्नाव:** सदर कोतवाली अंतर्गत आदर्श नगर निवासी मोहल्ला निवासी संजय यादव (50) पुत्र स्व. छेदालाल मोहल्ले के युवक बबलू (35) पुत्र स्व. पूरन के साथ मंगलवार देरशाम अपने गांव कोटरा जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक पेट्रोलपंप के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरने से दोनों गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से संजय को कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी देररात मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत की खबर सुन पत्नी व दो बेटियां सहित अन्य परिजन बेहाल हैं।

# डी-फार्मा का कोर्स कराने के नाम पर 23 लाख ठगे, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार:** लखनऊ के फर्जी पैरामेडिकल कालेज के प्रबंधक ने गांव अटवा अवैक स्थित एक विद्यालय के प्रबंधक को धोखा देकर डी-फार्मा का डिप्लोमा करवाने के नाम पर 23 लाख रुपये ऐंठ लिए और छात्रों को फर्जी प्रमाणपत्र व अंकपत्र सौंप दिए। बाद में आनलाइन वेरीफिकेशन होने पर सभी छात्रों के प्रमाणपत्र फर्जी निकलने पर विद्यालय प्रबंधक ने धोखेबाज पैरामेडिकल कालेज प्रबंधक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अटवा अवैक स्थित दुर्गा प्रसाद रामस्वरूप विद्यालय के प्रबंधक तेजकुमार पुत्र सत्यपाल ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह अपने कालेज के छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए उनका प्रवेश तकनीकी स्कूलों में कराते रहते हैं। अरसा पूर्व उनके विद्यालय में आयोजित सम्मेलन में उनकी मुलाकात लखनऊ के मोहल्ला हज़रतगंज अंतर्गत गुडलक एपार्टमेंट नजरबाग निवासी आयुष पुत्र विमलेश भूषण तिवारी से हुई थी। तब आयुष ने बताया था कि वह अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट का प्रबंधक है और उसके स्कूल में डी-फार्मा डिप्लोमा का कोर्स कराया जाता है। आयुष के झांसे में आकर उन्होंने पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के विस्तार पटल पर कई छात्रों की फीस कुल 23 लाख रुपए जमा कर दिए और रसीद भी ले ली। बाद में प्रबंधक आयुष ने छात्रों को डी-फार्मा का प्रमाणपत्र व अंकपत्र दे दिया। किंतु फार्मेसी कौंसिल आफ इंडिया में रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान वेरीफिकेशन में डी-फार्मा के सभी प्रमाणपत्र व अंकपत्र फर्जी पाए गए। तब उन्होंने ठगी की तहरीर बेहटा मुजावर थाने में दी। थाना स्तर से कार्यवाही न होने पर उन्होंने कोर्ट से न्याय की मांग की। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सभासद समेत 11 पर हत्या का केस दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर निवासी सूरज शुक्ला ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 5 जनवरी 2025 को सुबह करीब 8 बजे उसके भाई शुभम शुक्ला की हत्या कर शव को पंखे से लटका दिया गया था। बताया कि गंगाघाट कोतवाली में कई बार शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का आरोप है कि मोहल्ले के सभासद सूरज साहू समेत राजेश, आरती, प्रताप, गोलू, दिलीप, शिवम, अजय, टोनी, अमन दीक्षित और अनुज सविता ने पहले शुभम से मारपीट की और फिर उसकी हत्या कर दी। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस सभासद समेत 11 के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### बेहटा गांव के पास नहर में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार, उन्नाव :** पुरवा कोतवाली अंतर्गत बेहटा गांव के पास एक शारदा नहर की पुरवा ब्रांच की टेल मे एक अज्ञात युवक का शव फंसा देख लोगो में सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। पुलिस को जामा तलाशी में भी उसके पास कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। युवक की उम्र करीब 45 वर्ष के आसपास लग रही है और वह काली पैंट और लाइनदार सफेद शर्ट पहने हैं। वहीं इसके पास एक खाली बैग भी मिला है। पुलिस की जांच में शव दो से तीन दिन पुराना होने की संभावना जताई गई है। वहीं कोतवाल अमरनाथ ने बताया की युवक के शव को मोर्चरी भेजा गया है। साथ ही पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया गया है।
























## एक नजर

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमश: 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

### गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

## भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**




● एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध को केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

## भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

### फ्लिपकार्ट की शाखा ने 583 करोड़ में बेची 6% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट की इकाई फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स ने आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) में अपनी पूरी छह प्रतिशत हिस्सेदारी बुधवार को 583 करोड़ रुपये में बेच दी। फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एफपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एफपीएल अमेरिका स्थित वॉलमार्ट समूह का हिस्सा है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद 'टर्म शीट' के अनुसार, एबीएफआरएल के 7.31 करोड़ शेयर 79.50 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचे गए। यह मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एबीएफआरएल के 86 रुपये के बंद भाव से करीब 7.6 प्रतिशत कम है। गोल्डमैन सैक्स इस सौदे का एकमात्र 'बुकरनर' है। इस लेनदेन में 7.31 करोड़ शेयर की बिक्री शामिल है, जो मुंबई स्थित एबीएफआरएल की करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

## अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**



● कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव
● एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

### शाहदरा के गुरुद्वारे की भूमि पर वक्फ का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का शाहदरा की एक संपत्ति (जहां गुरुद्वारा है) पर दावा जताने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वक्फ बोर्ड की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में 2010 के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया था। मामला 1980 के दशक का है, जब दिल्ली वक्फ बोर्ड ने हीरा सिंह (अब मृतक) के खिलाफ शाहदरा के एक गांव में स्थित एक मस्जिद के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया था। बोर्ड ने तर्क दिया कि संपत्ति वक्फ की संपत्ति थी। प्रतिवादी ने दावे को विवादित बताते हुए तर्क दिया कि केस समयसीमा पार कर चुका और दावा किया कि संपत्ति उसे मोहम्मद ने बेची थी।

## प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

### रक्षा अलंकरण



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

### ईडी ने गोवा भूमि घोटाले के सरगना को किया गिरफ्तार

**पणजी।** ईडी ने गोवा में करोड़ों के भूमि घोटाले के सरगना रोहन हरमलकर को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार रहा है। पणजी की एक विशेष अदालत ने उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने दावा किया कि छापों और तलाशी के बाद हुई जांच के दौरान हरमलकर फरार रहा। धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि हरमलकर और अन्य आरोपियों ने छद्म नाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ आदि के जरिये वास्तविक संपत्ति मालिकों के साथ धोखाधड़ी की है।

## अपशिष्ट निपटान के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इन्कार

**1984 भोपाल गैस त्रासदी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के खिलाफ दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की जान चली गई थी और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। कोर्ट ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने और धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में निपटान करने के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में 27 फरवरी को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वकील से पूछा, आप मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष इस प्रयास में विफल रहे हैं। आपने इस अदालत के समक्ष भी इसे रोकने का प्रयास किया था। कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। अब छुट्टियों के दौरान, आप चाहते हैं कि हम यह सब रोक दें।

## भारत में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक दशक में 3.2 करोड़ लोग विस्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की रिपोर्ट

भारत में बाढ़ और तूफान समेत अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण वर्ष 2015 से 2024 के बीच 3.23 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन दर्ज किया गया। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वालों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपीन के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान आपदाओं के कारण 210 देशों और क्षेत्रों में 26.48 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ या उन्हें मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा। पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, देशों के स्तर पर, पिछले दशक में बांग्लादेश, चीन, भारत, फिलीपीन और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे अधिक रहे।

चीन में 4.69 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ जबकि फिलीपीन में यह आंकड़ा 4.61 करोड़ रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम था। इसमें कहा गया है, वर्ष 2015 से 2024 के बीच दुनिया के अधिकांश आपदा जनित विस्थापनों का कारण तूफान रहा जिसके चलते 12.09 करोड़ लोग विस्थापित हुए। इसी अवधि में बाढ़ से 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर तूफान से विस्थापनों में 'अम्फान' सहित अन्य चक्रवातों का योगदान लगभग 92 प्रतिशत है।

### एससीएओआरए अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष ने बुधवार को सीजेआई बीआर गवई को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत की 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' एसोसिएशन (एससीएओआरए) पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करने का आरोप लगाया। दावा किया कि एससीएओआरए ने शीर्ष कोर्ट के सामान्य बुनियादी ढांचे और बार सदस्यों से जुड़े मामलों पर संचार जारी किया था। एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि वह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस संस्था का कामकाज सुसंगत, अनुशासित रहने के साथ अतिक्रमण या टकराव से मुक्त रहे, खास तौर पर बार या सुप्रीम कोर्ट के बुनियादी ढांचे के सामान्य हितों से संबंधित मामलों में। सिंह ने बार में एकीकृत राय को बढ़ावा देने, निर्बाध सहयोग और संस्थागत शुचिता के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने तथा बार एवं पीठ के बीच सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब



**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढ़ियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

**अहमदाबाद।** 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी : पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।

# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

- धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है। महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में नहीं खेल सके। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

### सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीते। राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक-एक कांस्य पदक जीता।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एशिया कप**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

## नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।

स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- सात विकेट से मैच जीतकर श्रृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 श्रृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।



बेंगलुरु में विधान सौधा में आरसीबी द्वारा आईपीएल 2025 जीतने के बाद टीम के सम्मान समारोह के दौरान एकत्रित प्रशंसकों की भीड़।

# 35 हजार क्षमता, पहुंच गए 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, नतीजा मातम में बदला जश्न

बेंगलुरू, एजेंसी

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा । वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए



स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद देखी गई।

पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे। मैंने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे ।

### पिछले कुछ महीनों में यहां मची भगदड़

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**

उप्र के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**जनवरी 2025, महाकुंभ**

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी।

## एक नजर

### असद सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से हमला

**इजराइल।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुर: भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

वाशिंगटन, एजेंसी



अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती हैः आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।

### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।

## वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई हैः 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथः आस्ट्रेलिया

- रक्षामंत्री राजनाथ ने नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की



रक्षामंत्री राजनाथ के साथ मौजूद आस्ट्रेलियाई समकक्ष।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम आतंकी हमले पर नयी दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की।

सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की गंभीर चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

### आतंकवाद विरोधी संदेश देने लिए अमेरिका पहुंचा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों, विभिन्न थिंक टैंक के सदस्यों एवं नीतिगत मामलों के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सामने मौजूद आतंकवाद की चुनौती और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी देगा। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचा और बृहस्पतिवार तक यहां रहेगा।

## कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध


**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।

# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।

## संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार (एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।

# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- प्रतिबंध के बावजूद काजीरंगा के पास अवैध खनन बढ़ा

- शीर्ष कोर्ट द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद खनन जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पार्कुप पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन जारी है तथा और तेज हो गया है। न्यायालय ने 2019 में उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में और उसके आसपास खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में दुनिया में लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की लगभग 65 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यह ब्रह्मपुत्र बाढ़ क्षेत्र और कार्बी आंगलोंग पहाड़ियों के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने सीईसी के पूर्व निष्कर्षों पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण वन्यजीव आवासों और वन्य परिदृश्यों के क्षरण को रोकने के लिए इस क्षेत्र में खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। असम में एक अज्ञात सरकारी कर्मचारी की शिकायत और फील्ड स्तरीय सत्यापन के आधार पर, सीईसी ने 30 मई को सुप्रीम कोर्ट को एक नई रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि चार अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी हैं तथा और तेज हो गई हैं। बड़े पैमाने पर खनन जारी है, विशेष रूप से पार्कुप पहाड़ रेंज में, जो एक घोषित वन्यजीव अभयारण्य है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिणी सीमा बनाता है। दिसंबर 2024 में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त शिकायत में 2019 से 2023 तक की गूगल अर्थ इमेजरी और स्थल-विशिष्ट डेटा शामिल थे। कथित तस्वीरों से पता चलता है कि खनन कोर्ट के 2019 के प्रतिबंध आदेश के बाद बंद हो गया था लेकिन 2021 के बाद फिर से शुरू हुआ तथा तेज हो गया।

**प्रतिक्रिया** पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर दी प्रतिक्रिया

# समग्र दृष्टिकोण से ही सुलझेगा भारत-पाकिस्तान विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर कहा कि इस समस्या का कोई सैन्य समाधान नहीं है तथा इसके लिए एक अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक साधनों सहित भारत की पूरी ताकत का लाभ उठाया जा सके।



टीसीए राघवन

राघवन ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान संबंध विषय पर अपने विचार रखते समय इस बात पर जोर दिया कि भारत का वास्तविक प्रभाव उसकी आर्थिक जीवंतता, सामाजिक बहुलवाद, संस्थागत लचीलेपन और सांस्कृतिक पहुंच में निहित है, न कि केवल उसकी सैन्य शक्ति में। पाकिस्तान में सात साल तक सेवा देने वाले पूर्व राजनयिक ने कहा कि दरअसल पाकिस्तानी सेना भारत की सैन्य शक्ति से खतरा महसूस नहीं करती, बल्कि वह उसके सामने खड़ा होना चाहती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानियों को आपकी सेना की चिंता नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र के रूप में आपकी समग्र प्रगति- आपकी आर्थिक वृद्धि, आपकी सामाजिक प्रगति, आपके समाज की बहुलता और आपकी संस्थाओं की ताकत उसकी चिंता है। यही वह चीज है जिससे वे वास्तव में डरते हैं, कोई सैन्य समाधान नहीं है, आपको अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। राघवन ने कहा, वास्तविक अर्थों में आपकी ताकत बहुत बड़ी है, वास्तव में आपका सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से आधिपत्य पाकिस्तान की चिंता है। इसलिए अगर हम पूरी तरह से सुरक्षा आधारित संबंध की ओर बढ़ते हैं तो यह सब एक तरफ रह जाएगा। आपको पाकिस्तान से केवल दो, तीन या पांच साल के लिए ही नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय के लिए निपटना है तथा यह देखते हुए आपको अधिक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। इस बात को रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ स्थिति महज एक सामरिक या सैन्य मुद्दा नहीं है।

### संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे : राघवन

राघवन (69) ने जोर देकर कहा कि आज मुख्य चुनौती यह है कि एक कार्यशील द्विपक्षीय संबंध की अनुपस्थिति में उस पड़ोसी के साथ अस्थिर एवं टकराव वाली स्थिति का प्रबंधन कैसे किया जाए जिससे निपटना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ये संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे हैं। राघवन ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने का हालिया निर्णय दर्शाता है कि मेज पर कितने कम राजनयिक विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, इस बार, एक तरह से आपके पास आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। बाकी जो कुछ भी किया जा सकता था, वह पहले ही किया जा चुका है।